संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 256
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 20 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



टैक्स तो घटा दिया, लेकिन रोजगार और बढ़ा हुआ वेतन कहां?

बैठक में पीएम ने उद्योग जगत से किए तीखे सवाल

मुंबई, एजेंसी। देश में आर्थिक सुधारों, आसान कर प्रणाली और कंपनियों को दी गई भारी रियायतों के बाद अब सरकार ने कॉर्पोरेट जगत से उसकी जवाबदेही पर सीधे सवाल पूछे हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक आम बैठक और वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत को आईना दिखाया। प्रधानमंत्री ने दो टूक पूछा कि कॉरपोरेट टैक्स में ऐतिहासिक कटौती और अन्य नीतिगत सुधारों के बाद क्या कंपनियों ने रोजगार बढ़ाने और कर्मचारियों की आय में सुधार के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं? उन्होंने कंपनियों से आत्ममंथन करने का आह्वान किया कि सरकारी नीतियों के लाभ जमीनी स्तर पर व्यापक आर्थिक फायदों में कैसे तब्दील हुए हैं। पीएम ने मोदी ने देश की वाणिज्यिक उपलब्धियों का हवाला देते हुए उद्योग जगत से यह भी कहा कि मैं आपके गीत गा रहा हूं और आप सोए पड़े हो। पीएम ने सीधे–सीधे उद्योग जगत से सवाल किया, ष्मैंने तो अपने स्तर से आयकर का दायरा बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया। पर क्या आपने अपने कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाई है क्या? क्या आपने यहां कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई है? मोदी जी आप करो हम देख लेंगे। क्या ऐसा ही चलेगा? पीएम मोदी ने कहा कि इस बात पर आपको गौर करना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को सितंबर 2019 में लिए गए उस बड़े नीतिगत फैसले की याद दिलाई, जिसके तहत घरेलू कंपनियों के लिए टैक्स का बोझ काफी कम कर दिया गया था:

बेस रेट में कटौती: मौजूदा घरेलू कंपनियों के लिए आधार कॉरपोरेट टैक्स दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किया गया था।

प्रभावी टैक्स दर: सेस और सरचार्ज मिलाकर कंपनियों के लिए यह प्रभावी दर 25.17 प्रतिशत तय की गई थी।

नए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहन: इसके अतिरिक्त, योग्य नई घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत की आधार टैक्स दर लागू की गई थी।

आम करदाताओं और मध्यम वर्ग को क्या सहूलियतें मिली हैं?

संबोधन में प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा आम नागरिकों और वेतनभोगी वर्ग को दी गई राहतों का भी ब्योरा रखा:

आयकर छूट की सीमा: उन्होंने रेखांकित किया कि अब 12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं लगता है।

आर्थिक विकास और रोजगार पर उद्योग जगत की क्या भूमिका होनी चाहिए?

प्रधानमंत्री मोदी ने कंपनियों से आग्रह किया कि वे रोजगार सृजन, घरेलू निवेश और देश के दीर्घकालिक आर्थिक विकास में अपने योगदान का गंभीरता से मूल्यांकन करें। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी नीति का अंतिम उद्देश्य केवल बैलेंस शीट मजबूत करना नहीं, बल्कि देश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करना और उनकी आय में वास्तविक वृद्धि दर्ज कराना होना चाहिए। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि हमें देश का सर ऊंचा करना है या माथ नीचा करना है, यह आप लोग तय करो।

उस निर्दोष बच्चे का क्या कसूर था? संवेदना का एक शब्द तक नहीं आया

सीएम ने बिना नाम लिए अखिलेश पर कसा तंज



गोरखपुर, संवाददाता। सीएम योगी ने अखिलेश यादव के रोड शो में शामिल जेसीबी की चपेट में आए बच्चे की मौत पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन को निर्देश दिया है कि सड़कों पर अराजकता फैलाने वाले उपद्रवियों को चिह्नित कर ऐसी सजा दिलाई जाए, जिसे उनकी पीढ़ियां याद रखें। उन्होंने कहा कि झंगहा से पढ़ाई के लिए आए 12–13 वर्षीय मासूम छात्र का क्या कसूर था, जिसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना पर संवेदना तक नहीं जताई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अयोध्या से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव वहां से नामांकन दाखिल करेंगे तो वह भी उसी सीट से अपना पर्चा भरेंगे। दोनों के बीच सीधा मुकाबला होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि आप वहां से अपना नामांकन दाखिल करते हैं तो मैं भी अपना नामांकन दाखिल करूंगा। आमने–सामने का मुकाबला होने दीजिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव में सीधे मुकाबले का साहस नहीं है। कमजोर व्यक्ति हमेशा पीछे से वार करता है। सीएम योगी ने माफिया और अपराधियों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अगर किसी ने माफियागिरी करने की कोशिश की तो उसे मिट्टी में मिलाने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडागर्दी, अराजकता, दंगे और कर्फ्यू है। माफिया उनके सहयोगी रहे हैं और उन्होंने हमेशा जनता के साथ विश्वासघात किया है। सीएम ने कहा कि गुंडों और माफिया को कानून के बल पर ही ठीक किया जा सकता है। उनकी सरकार ने ऐसे तत्वों की गुंडागर्दी पर अंकुश लगाया है और अब एक बार फिर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश को पहली वानिकी एवं औद्यानिकी यूनिवर्सिटी की सौगात मिली है।

चक्रवात 'अकवान' : झारखंड के 11 जिलों में भारी बारिश का येलो एलर्ट, तापमान गिरेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। चक्रवात 'अकवान' के शुक्रवार दोपहर को उत्तरी आंध्र प्रदेश के नरसापुर और ओडिशा के पुरी के बीच तट से टकराने का पूर्नुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने बताया कि इसके प्रभाव से झारखंड के कुछ हिस्सों में दो से तीन दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। अधिकारी ने बताया कि इस मौसम प्रणाली का असर राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में बृहस्पतिवार शाम से ही महसूस किया जा सकता है। इस दौरान रुक–रुककर हल्की बारिश होने की आशंका है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया, ''शुक्रवार को झारखंड के 11 जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट (जिसे बाद में अद्यतन किया जाएगा) जारी किया गया है। शनिवार को भी आठ जिलों के लिए यही अलर्ट जारी किया गया है।'' शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से अगले 24 घंटे के दौरान जिन जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, उनमें लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़, रांची, खूंटी, बोकारो, धनबाद, सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं। मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, 21 और 22 नवंबर को गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में भी भारी बारिश होने की संभावना है। आनंद ने बताया कि रविवार से बारिश की तीव्रता कम हो जाएगी और 23 नवंबर से झारखंड में आसमान साफ घ्घ्रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार शाम से गरज–चमक के साथ बारिश होने, तेज हवाएं चलने की भी चेतावनी दी है। बुलेटिन में कहा गया है कि इस मौसम प्रणाली के प्रभाव से अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है जबकि न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के काफिले पर हमला, भाजपा समर्थकों पर लगाया पत्थर और अंडे फेंकने का आरोप

कालीगंज, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के कालीगंज में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थकों के एक समूह ने उनकी कार और काफिले पर पत्थर तथा अंडे फेंके। उन्होंने आरोप लगाया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद राज्य पुलिस उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही। कृष्णानगर की सांसद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार किए कई पोस्ट में दावा किया कि 80–90 भाजपा समर्थक गोबरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में उन पर हमला करने के लिए जमा हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को इस जमावड़े की पहले से जानकारी थी। मोइत्रा ने पोस्ट किया, ''पश्चिम बंगाल पुलिस, पुलिस महानिदेशक और कृष्णानगर पुलिस का ध्यान इस ओर दिलाना चाहती हूं कि माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के तहत मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है। कालीगंज के गोबरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में भाजपा के 80–90 गुंडे मुझ पर हमला करने के लिए इंतजार कर रहे हैं। आपको इस बारे में सारी जानकारी है।'' उन्होंने पश्चिम बंगाल पुलिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थकों के साथ मिलीभगत करने और अदालत के आदेश पर की गई सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद उन्हें हमला करने देने का आरोप लगाया।

बाल ठाकरे की तस्वीर फाड़ने पर बवाल

शाइना एनसी के खिलाफ सड़क पर उतरा उद्धव गुट, हिरासत में कई कार्यकर्ता

मुंबई, एजेंसी। मुंबई में गुरूवार को शिवसेना (यूबीटी) के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिवसेना नेता शाइना एनसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन पर एक कार्यक्रम के दौरान दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर फाड़ने का आरोप है। प्रदर्शन के बाद कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। दादर स्थित शिवसेना (यूबीटी) के मुख्यालय सेना भवन के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारी जुटे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने शाइना एनसी के खिलाफ नारेबाजी की और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिसर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के कई समर्थकों को हिरासत में लिया गया। दरअसल, बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। इसमें शाइना



एनसी समेत पार्टी के नेताओं ने सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग: ए जर्नी ऑफ लव की प्रतियां फाड़ी थीं। इस दौरान उन्होंने शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की तस्वीर वाला एक कागज फाड़ दिया था। विरोध के दौरान पार्टी ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) को भी घेरने की कोशिश की, जो फिलहाल कांग्रेस की सहयोगी है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाइना एनसी के अलावा शिवसेना नेता संजय निरुपम, शीतल म्हात्रे, आनंद दुबे और अन्य नेता भी मौजूद थे। इसके बाद उनका विरोध शुरू हो गया। इस पर शिवसेना नेता संजय निरुपम ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बार–बार वीर सावरकर के खिलाफ एक घटिया अभियान चलाया है। इससे पूरा महाराष्ट्र राज्य नाराज और असंतुष्ट है। यहां के लोग इसे कांग्रेस की एक सोची–समझी कोशिश मानते हैं, जिसका मकसद सावरकर जैसे महान क्रांतिकारी को बदनाम करना है। हमें सोनिया गांधी की किताब से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्होंने अपनी आत्मकथा का इस्तेमाल जिस तरह से सावरकर पर हमला करने और उन्हें नीचा दिखाने के लिए किया है, वह पूरी तरह से अनावश्यक था। इसीलिए हमने वह खास पन्ना फाड़ दिया।

अखिलेश यादव के रोडशो के दौरान जेसीबी की टक्कर से किशोर की मौत, 66 पर केस दर्ज

गोरखपुर, एजेंसी। गोरखपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के रोडशो के दौरान कथित रूप से एक जेसीबी मशीन की चपेट में आने से 13 साल के लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस घटना के बाद पीड़ित के परिवार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप भी शुरू हो गया। परिवार के अनुसार, भाजपा नेता ओंकार सिंह के बेटे आर्यवर्धन को बुधवार अपराह्न करीब 2.30 बजे कथित तौर पर जेसीबी ने टक्कर मार दी। घटना के वक्त आर्यवर्धन अपनी बहन समृद्धि को लेने के लिए पास के एक चौराहे की ओर जा रहा था। परिवार और पुलिस ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय, नंद नगर के कक्षा 10 के छात्र आर्यवर्धन को एम्स गोरखपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि जेसीबी चालक और रोडशो के आयोजकों की भूमिका की जांच की जा रही है और जांच के नतीजों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दाऊद के घर पर बुलडोजर कार्रवाई पर रोक: बॉम्बे हाईकोर्ट ने दिया यथास्थिति का आदेश

मुंबई, एजेंसी। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम से जुड़ी मुंबई के भेंडी बाजार स्थित विवादित संपत्ति पर तोड़फोड़ की कार्रवाई फिलहाल रुक गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को इस संपत्ति पर 25 नवंबर तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उच्च अदालत ने साफ–साफ कहा है कि अगली सुनवाई तक संपत्ति की मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जाए। यह आदेश तब आया, जब बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने अदालत को बताया कि गुरुवार सुबह संपत्ति पर तोड़फोड़ का काम शुरू कर दिया गया है।



उच्च अदालत में क्या हुआ?

मुख्य न्यायाधीश एमसी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान बीएमसी के वकील ने बताया कि नगर निगम के कर्मचारी सुबह संपत्ति पर तोड़फोड़ की कार्रवाई कर चुके हैं। इस पर उन्होंने अदालत को भरोसा दिया कि निगम के कर्मचारियों को आधे घंटे के भीतर वहां से हटा लिया जाएगा। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले में तथ्यों को विवादित बताते हुए अगली सुनवाई 25 नवंबर को दोपहर तीन बजे तय की। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को महाराष्ट्र सरकार को भी मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। अदालत ने दोनों पक्षों को अपनी आपत्तियां दाखिल करने की अनुमति भी दी है।

किस संपत्ति को लेकर है विवाद?

यह मामला दक्षिण मुंबई के भेंडी बाजार स्थित हाजी इस्माइल हाजी हबीब मुसाफिरखाना ट्रस्ट की संपत्ति से जुड़ा है। इस परिसर में एक मस्जिद भी है। याचिका के मुताबिक, हाजी इस्माइल हाजी हबीब ने 1864 में हज यात्रियों के ठहरने के लिए इस जगह को मुसाफिरखाने के तौर पर समर्पित किया था। इसके साथ यहां एक मस्जिद भी बनाई गई थी। यह संपत्ति दाऊद इब्राहिम और उसके परिवार से जुड़ी रही है।

दाढ़ी रख लेने से हर कोई मौलाना नहीं बन जाता, जेल से बाहर आते ही ओवैसी पर आजम का पहला बयान!

लखनऊ, संवाददाता। जेल से निकलने के बाद आजम खान का बड़ा बयान सामने आ गया।



आजम खान ने कहा कि अब चुनाव नहीं इंकलाब होगा। आजम खान ने ये भी ऐलान कर दिया है कि इस बार उत्तर प्रदेश में होने वाले चुनाव को वो लड़ेंगे। अब लोग धर्म–जाति के नाम पर नहीं लड़ेंगे। आजम खान ने कहा कि न्याय तो न्याय है, लेकिन बदला किसी से नहीं लिया जाएगा। आजाम खान ने रिहाई के बाद बीजेपी पर भी निशाना साधा। आजम ने कहा कि बीजेपी बेइमानी से जीती है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपने पार्लियामेंट के नतीजे नहीं देखें। विधानपरिषद के नतीजे नहीं देखें क्या थे। ये जो सीटें जीती हैं वो बेइमानी से जीती हैं।

साइबर-धोखाधड़ी से जुड़ी 1530 शिकायतों से खुली 704 बैंक खातों की कुंडली, दुबई कनेक्शन भी; 320 अकाउंट फ्रीज

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय के कोलकाता जोनल ऑफिस–II ने पिछले सप्ताह विशेष अदालत में श्प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्टश (पीएमएलए), 2002 के तहत 10 लोगों और एक कंपनी के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट दायर की है। यह मामला एक संगठित ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग सिंडिकेट से जुड़ा है। जिन लोगों/संस्था को आरोपी बनाया गया है, उनमें अंकित अग्रवाल, अनुराग सिंह, ज्योतिंद्र मोहन नाथ, अजीत कुमार महतो, दिलीप कुमार सिंह, विवेक साह, आकाश सोनी, अभिनव शर्मा, सौविक पोद्दार, आदित्य प्रधान और असर इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने पश्चिम बंगाल के बिधाननगर साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज चार एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ये एफआईआर धोखाधड़ी वाली ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट स्कीमों से जुड़ी थीं। जांच में पता चला कि आरोपियों ने सोशल मीडिया विज्ञापनों और व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए लोगों को लालच दिया। उन्होंने स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट पर बहुत ज्यादा रिटर्न देने का वादा किया था। पीड़ितों को श्म्ब्ब्त्जैश और श्रैं–म्म्श जैसे फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इन ऐप्स पर ट्रेडिंग से होने वाला काल्पनिक मुनाफा दिखाया जाता था, ताकि लोगों का भरोसा जीता जा सके। शुरुआत में कुछ छोटी रकम निकालने की अनुमति देने के बाद, आरोपियों ने आगे पैसे निकालने पर रोक लगा दी। इसके बाद, उन्होंने टैक्स, सर्विस चार्ज और अकाउंट एक्टिवेशन फीस जैसे झूठे बहाने बनाकर पीड़ितों से और पैसों की मांग की। जांच से पता चला है कि पीड़ितों से जुटाई गई रकम को कई ऐसे बैंक खातों के जरिए घुमाया गया, जो अलग–अलग व्यक्तियों, प्रोप्राइटरशिप फर्मों और ऐसी संस्थाओं के नाम पर खोले गए थे, जिनका कोई वास्तविक कारोबार नहीं था। इन श्म्यूलश (फर्जी/मध्यस्थ) खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर अपराध से मिली रकम को छिपाने, उसकी परतें बनाने और उसे आगे ट्रांसफर करने के लिए किया गया था। जांच एजेंसी ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी और अन्य साइबर–धोखाधड़ी से जुड़ी 1530 शिकायतों के आधार पर 704 बैंक खातों का पता लगाया है।

संपादकीय

मौत की जर्जर इमारतें

पिछले कुछ समय से दिल्ली में जर्जर इमारतों से होने वाले हादसों में मौतों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। जिसमें अनेक निर्दोष लोगों की जान असमय चली जाती है। विडंबना यह है कि इन बड़े हादसों के बाद सत्ताधीशों व राजनेताओं की बयानबाजी ही सामने आती है। फिर अगले हादसे तक खामोशी ओढ़ ली जाती है। बड़े–बड़े दावों के बीच 'ट्रिपल इंजन सरकारें' भी जर्जर भवनों के हादसे रोक पाने में असहाय नजर आ रही हैं। इन हादसों के बावजूद निर्माण संबंधी नियमों को सख्ती से लागू करने की पहल होती नजर नहीं आती है। वहीं दूसरी ओर लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों की कोई जवाबदेही भी तय नहीं की जाती। ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि आपराधिक लापरवाही के लिये किसी दोषी को दंडित किया गया हो। साथ ही बिल्डिंग बायलॉज के उल्लंघन के मामले में भी तंत्र की तरफ से कोई गंभीर कार्रवाई होती नजर नहीं आती। मंगलवार को शाहदरा के ज्वाला नगर में एक इमारत ढह गई, जिसमें एक तीन साल के बच्चे समेत दो लोगों की जान चली गई। कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका बना हुई थी। दुखद ही है कि ऐसी दुर्घटनाओं की सूची दिन–ब–दिन लंबी होती जा रही है। सितंबर में तब काफी बवाल मचा था जब सत्य निकेतन की पांच मंजिला इमारत ढह गई थी। जिसमें पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रहे पांच छात्रों समेत सात लोगों की मौत हो गई थी। तब क्योंकि छात्र आंदोलन का दौर चल रहा था तो छात्रों के गुस्से के मद्देनजर बड़ी–बड़ी घोषणाएं हुई और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। लेकिन कुछ दिनों के बाद 'वही ढाक के तीन पात' वाली स्थिति सामने आई। बीते अक्तूबर में भी सीमापुरी में जमीन धंसने से चार लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह पांच नवंबर को चावड़ी बाजार हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी। दुखद यह है कि दुर्घटनाओं का यह अंतहीन सिलसिला लगातार जारी है। उल्लेखनीय है कि मई और जुलाई में भी सैदुलजाब और रोहिणी में ऐसी घटनाएं देखने को मिली। पिछले हफ्ते पहाड़गंज में एक निर्माण स्थल पर छत ढह गई थी। लेकिन गनीमत रही है कि चमत्कारिक रूप से किसी की जान नहीं गई। बहरहाल, बार–बार होने वाली ये त्रासदियां यह स्पष्ट कर देती हैं कि राजधानी में असुरक्षित इमारतें– अब चाहे वे कॉमर्शियल हों या रिहायशी, पुरानी हों या निर्माणाधीन, अधिकृत हों या अनधिकृत– मौत का जाल बनती जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर इन हादसों की जवाबदेही तय करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। लंबे समय से यह स्थिति बनी हुई है। पुरानी जर्जर इमारतों की अनदेखी, निर्माण के तौर–तरीकों में आपराधिक लापरवाही, सुरक्षा जांच में कमी और प्रशासनिक लापरवाही के चलते बार–बार लोगों की जान जोखिम में डाला जाना बदस्तूर जारी है। इसमें दो राय नहीं कि यह प्रशासन की विफलता है। विडंबना यह है कि स्थानीय प्रशासन व नगर निकाय घटना के बाद कार्रवाई– मसलन मलबे की जांच करने, चंद अधिकारियों के निलंबन या प्राथमिकी दर्ज करने तक सीमित रह जाता है। वास्तव में होना यह चाहिए कि उन इमारतों को चिन्हित किया जाए, जो खतरनाक साबित हो सकती हैं। ताकि समय रहते कार्रवाई करके लोगों की जान बचायी जा सके। बाद में कार्रवाई करने से ज्यादा जरूरी है कि ऐसी आपदाओं की पुनरावृत्ति ही न हो। सही मायने में दिल्ली में असुरक्षित व जर्जर इमारतों के सुरक्षा ऑडिट की तत्काल जरूरत है। वास्तव में इन इमारतों की निगरानी किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा करायी जानी चाहिए। इसी क्रम में जोखिम की स्थिति वाली इमारतों की पहचान की जानी चाहिए। साथ ही उन बिल्डिंगों में रहने वाले लोगों के लिये वैकल्पिक आवासों की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इसके अलावा जरूरी है कि निर्माण संबंधी नियमों को सख्ती से लागू किया जाए। इसके साथ ही लापरवाही बरतने वाले मकान मालिकों,ठेकेदारों और अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाए। इसके अलावा बिल्डिंग बॉयलॉज के व्यापक उल्लंघन से निपटने के लिये सख्त कार्रवाई की भी जरूरत है।

न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

डॉ. दीपक पाचपोर

जब संविधान बना तो लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए हरेक नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत रही।

देश में लोकतंत्र को खत्म करने और संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा को तोड़ने की कोशिशों के बीच बार–बार न्यायपालिका की तरफ उम्मीदों भरी नजरों से देखा जा रहा है कि शायद यहां से ऐसे फैसले आएं, जिनसे आम लोगों में उम्मीद बंधे कि भारत का विचार हर हाल में जिंदा रहेगा। लेकिन बीते कुछ दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें देखकर निराशा हो रही है कि क्या भारत के विचार को न्यायपालिका बचा पाएगी। उदार, लोकतांत्रिक, समावेशी, विविधता में एकता इन्हीं विचारों से भारत बना है और सदियों से अपने मूल्यों पर टिका हुआ है। आजादी की लड़ाई में इन मूल्यों के कारण ही स्वाधीनता सेनानियों के हौसले बंधे रहे और शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को अपनी पताका भारत से उतारनी पड़ी। जब संविधान बना तो लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए हरेक नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत रही। लेकिन इस बार जिस तरह से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर किया है, उससे आम नागरिक की वोट देने की ताकत को ही छीना जा रहा है। अब इसी एसआईआर के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं राहुल गांधी समेत अन्य लोगों ने दायर की हैं। सोमवार को इन याचिकाओं में एक अर्जी और जोड़ी गई, जिसमें अदालत से दरख्वास्त की गई कि चुनाव आयोग से 48 सवाल पूछने की अनुमति दी जाए। दरअसल पहले 17 नवंबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कथित एकतरफा फैसलों पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जो अब 9 दिसंबर को होगी। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट से अनुरोध किया कि विपक्ष के नेताओं की तरफ से सोमवार को दाखिल आवेदन पर नोटिस जारी करे, लेकिन कोर्ट ने इससे मना कर दिया और कहा कि सुनवाई के बाद नोटिस पर फैसला लिया जाएगा। बता दें कि आवेदन में राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग से जो 48 सवाल पूछे थे, उनमें खास सवाल हैं कि पूरे देश में एसआईआर कराने का फैसला किसने लिया? कितने फैसलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त की राय से दो अन्य चुनाव आयुक्त असहमत थे? श्फॉर्म 6च को बदलने का फैसला किसने लिया? मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों ने 26 अक्टूबर के जवाबी हलफनामे को कब और कैसे मंजूरी दीरू किसी बैठक में, फाइल के जरिए, या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से? 19 फरवरी 2025 से 26 अक्टूबर 2026 के बीच, चुनाव आयुक्त संधू और चुनाव आयुक्त जोशी ने कितनी बार लिखित आपत्तियां दर्ज कराईं? अगर शीर्ष अदालत चुनाव आयोग से इन सवालों को पूछने की अनुमति देती तो फिर ज्ञानेश कुमार को जवाब देना ही पड़ता। अभी तो बात टलने से एक तरह से ज्ञानेश कुमार को थोड़ी राहत मिल गई है, इससे भाजपा को भी अपनी रणनीति पर काम करने के लिए मोहलत मिल गई है, मगर एसआईआर के कारण मतदान के अधिकार से वंचित लोगों को न्याय मिलने का वक्त भी बढ़ गया है। अब 9 दिसंबर की सुनवाई में अदालत की तरफ से क्या कहा जाता है, और चुनाव आयोग किस तरह एसआईआर में हो रही अनियमितताओं को सही साबित करेगा, यह देखने का इंतजार रहेगा। इधर एक और अहम फैसला सुप्रीम कोर्ट से 28 अक्टूबर की सुनवाई में आया, जो 2002 के गुजरात दंगों में बिलकिस बानो के साथ हुए सामूहिक बलात्कार से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो केस में दो दोषियों की उम्रकैद की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें जमानत दे दी है। बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोढ़िया बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। दोनों ने जमानत की अपील की थी। जिस पर न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने अपील पर सुनवाई करते हुए गौर किया कि बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोढ़िया 17 साल से अधिक समय से जेल में बंद हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अक्तूबर के अपने आदेश में कहा कि एक अपीलकर्ता गंभीर रूप से दिव्यांग है। पीठ ने अपील से जुड़े मुद्दों को देखते हुए सजा पर रोक लगाते हुए अपीलकर्ताओं को जमानत दे दी। जमानत की शर्तें संबंधित निचली अदालत तय करेगी। 17 साल से जेल में होने या दिव्यांग होने की तकलीफ अदालत को दिखी, लेकिन बिलकिस बानो ने अपने अजन्मे बच्चे को खोया, एक साथ सात परिजनों की हत्या देखी और इसके साथ सामूहिक बलात्कार की असह्य पीड़ा सही, इस अकथनीय अत्याचार को शायद नहीं देखा। बिलकिस की ये पीड़ा यहीं तक नहीं थी, इससे पहले उनके दोषियों को 2002 में समय से पहले रिहाई भी दी गई थी, जिस पर फिर कानूनी लड़ाई लड़ी गई और आखिर में सुप्रीम कोर्ट ने 2024 में गुजरात सरकार के इस फैसले को रद्द किया था। अब एक बार फिर बिलकिस के साथ वही घिनौना खेल हुआ है। इस बार के अदालत के फैसले पर घोर निराशा जताते हुए बिलकिस बानो ने कहा, श्आज मुझे लग रहा है कि जिस न्याय को पाने के लिए मैंने इतनी लंबी लड़ाई लड़ी, उसे फिर खो रही हूं। पुराने डर दोबारा सामने आने लगे हैं। मैं एक बार फिर डरी हुई हूं। मुझे अपनी और अपने बच्चों की चिंता सता रही है। इस बात का भी डर है कि कहीं मेरा न्याय व्यवस्था से भरोसा फिर न उठ जाए। बिलकिस बानो ने सवाल उठाया कि दोषियों को राहत देने से पहले कोर्ट ने उन्हें अपनी बात रखने का मौका क्यों नहीं दिया। अदालत बिलकिस के बयान पर कोई संज्ञान लेती है या नहीं, अथवा उन्हें अन्याय का दंश सहने पर मजबूर किया जाएगा, यह देखना होगा।

अमेरिका और भारत में बच्चों की परवरिश, सबक और संवेदनाएं

अरुण कुमार डनायक

आज के वैश्वीकृत संसार में बच्चों की परवरिश केवल पारिवारिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और नीतिगत चुनौती है। संयुक्त राष्ट्र के विश्व बाल दिवस (20 नवम्बर) के अवसर पर अमेरिका और भारत की परवरिश–पद्धतियों को देखना उपयोगी है, यह तय करने के लिए नहीं कि कौन श्रेष्ठ है, बल्कि यह समझने के लिए कि हम एक–दूसरे से क्या सीख सकते हैं। संसाधनों से भरपूर अमेरिका में भी पालन–पोषण तनावपूर्ण और संवेदनशील माना जाता है। अमेरिकी समाज मुख्यतरू एकल परिवारों पर आधारित है। माता–पिता के पूर्णकालिक कार्यरत होने, लंबी दूरी की दिनचर्या और समय–साध्य आवागमन के कारण बच्चों को पर्याप्त समय और भावनात्मक उपस्थिति देना आसान नहीं होता। महंगी चाइल्डकेयर और सीमित पारिवारिक अवकाश इस दबाव को और बढ़ाते हैं। अनेक अभिभावक मानसिक दबाव और अकेलेपन से जूझते हैं, और परामर्श या थेरेपी की सहायता लेना वहां अब सामान्य माना जाने लगा है। पालन–पोषण पर कानूनी और सामाजिक जवाबदेही के कारण माता–पिता निर्णयों में अधिक सतर्क रहते हैं। इन कठिनाइयों के बावजूद अमेरिकी परवरिश की कुछ बातें ध्यान खींचती हैं। वहां बच्चों को डराकर नहीं, बल्कि समझाकर जिम्मेदारी सिखाने पर जोर दिया जाता है। माता–पिता चाहते हैं कि बच्चे आत्मनिर्भर हों, अपनी राय व्यक्त कर सकें, असफलता से सीखना जानें और मानसिक रूप से संतुलित रहें, साथ ही उनमें दयालुता, परोपकार और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो। उनका उद्देश्य आज्ञाकारी बच्चे नहीं, बल्कि जिम्मेदार वयस्क गढ़ना है। एक और उल्लेखनीय विशेषता पिता की सक्रिय भागीदारी है, जो बच्चों में समानता, सहयोग और साझेदारी की समझ विकसित करती है। वहां आजकल संवादपरक एवं मर्यादित (ऑथोरिटेटिव) तथा करुणा–आधारित एवं अहिंसक (जेंटल) पेरेंटिंग शैलियां लोकप्रिय हैं, जिनमें नियम स्पष्ट होते हैं, किंतु संवाद और सम्मान के साथ। इसके विपरीत, हर समय बच्चे की निगरानी और अति–हस्तक्षेप वाली श्हेलीकॉप्टर पेरेंटिंगच की आलोचना होती है, क्योंकि वह बच्चे की आत्मनिर्भरता को कमजोर करती है। बाल–मनोविज्ञान के अनेक विशेषज्ञ अब अत्यधिक व्यस्तता, दिखावे और अनियंत्रित तकनीक से हटकर सहानुभूति–आधारित सीमाओं, धीमे बचपन और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता की वकालत करते हैं। अमेरिका के अनेक सार्वजनिक प्री–स्कूलों की शैक्षणिक सामग्री के अनुसार वहां प्रारंभिक शिक्षा को केवल अक्षर–ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जाता। गीत–संगीत, कहानी–आधारित खेल, हल्का व्यायाम और सुरक्षित डिजिटल उपयोग के साथ श्बिल्डिंग यूनिट्य जैसी अनुभव–आधारित गतिविधियां बच्चों को घर, समुदाय और दैनिक जीवन से जोड़ती हैं और अभिभावकों को शिक्षा–प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाती हैं। पब्लिक स्कूल प्रणाली में पते के आधार पर प्रवेश, डिजिटल नामांकन और अभिभावक–शिक्षक संवाद को महत्व दिया जाता है। शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता, रुचियां और संपर्क विवरण अभिभावकों से साझा किए जाते हैं, जो यह संदेश देते हैं कि शिक्षा संबंधों पर आधारित है, डर या दूरी पर नहीं। स्कूल में भोजन को केवल पोषण नहीं, बल्कि समान अवसर और बाल अधिकार के रूप में देखा जाता है, पात्र परिवारों के बच्चों को, और कुछ राज्यों में सभी को, निरूशुल्क भोजन मिलता है। यह इस मान्यता पर आधारित है कि भूखा बच्चा सीख नहीं सकता। भारत में परंपरागत रूप से बच्चों की परवरिश सामूहिक जिम्मेदारी रही है। माता–पिता, दादा–दादी, नाना–नानी और अन्य परिवारजन सभी किसी न किसी रूप में शामिल रहते हैं। यह साझा देखभाल बच्चे को भावनात्मक सुरक्षा, अपनत्व और सामाजिक जुड़ाव देती है, जो हमारी बहुत बड़ी ताकत है। यहां बड़ों का आदर, उनकी बात मानना और चरणस्पर्श जैसे व्यवहार श्अच्छे संस्कारच्य माने जाते रहे हैं, और अनुशासन को आत्म–नियंत्रण के साथ–साथ सामाजिक मर्यादा के रूप में भी देखा जाता है। किंतु इसका दूसरा पक्ष यह है कि तुलना और अपेक्षाओं का बोझ अक्सर बच्चों पर भारी पड़ता है। अमेरिकी समाज बच्चों की व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को केंद्र में रखने का प्रयास करता है, यद्यपि व्यवहार में यह लाभ वहां भी सभी बच्चों को समान रूप से नहीं मिल पाता। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति दृष्टिकोण में अंतर सबसे स्पष्ट दिखता है। अमेरिकी स्कूलों में सामान्यतरू काउंसलर, साइकोलॉजिस्ट और विशेष शिक्षा विशेषज्ञों की व्यवस्था अपेक्षित है, हालांकि उनकी कमी की शिकायतें भी सुनाई देती हैं। डिस्लेक्सिया, ऑटिज्म, ध्यान–अभाव एवं अति–सक्रियता विकार जैसी स्थितियों को अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि विकास की भिन्नता माना जाता है, और श्व्यक्तिगत शिक्षा योजनाच्य के अंतर्गत स्कूल बच्चे की क्षमताओं और चुनौतियों के अनुसार शैक्षिक सहायता, शिक्षण–पद्धति और मूल्यांकन तय करता है। अमेरिकी कानून बच्चों की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा करते हैं। ये कानून माता–पिता को दंडित करने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों की भलाई के लिए बनाए गए हैं। भारत में भी शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016, पॉक्सो अधिनियम, मध्यान्ह भोजन के लिए पी एम पोषण योजना और समग्र शिक्षा जैसे प्रावधान मौजूद हैं। कमी कानून की नहीं, बल्कि क्रियान्वयन, प्रशिक्षित शिक्षकों, संसाधनों और जागरूकता की है। इसी कारण अनेक कक्षाओं में ऐसे बच्चों को अब भी श्कमजोरच्य या श्शरारतीच्य मानकर सामान्य ढांचे में ढालने की कोशिश की जाती है। यानी जहां अमेरिका की व्यवस्था बच्चे के अनुसार ढलने का प्रयास करती है, वहीं हमारे यहां कई बार बच्चे को ही व्यवस्था के अनुरूप ढलना पड़ता है। अमेरिकी व्यवस्था भी दोषमुक्त नहीं है। तकनीक पर स्पष्ट नियमों के बावजूद वहां बच्चे स्क्रीन–निर्भरता से जूझते हैं, किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं चिंता का विषय हैं, और स्कूलों में हिंसा तथा बाल गरीबी जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। यह दिखाता है कि केवल नियमों और संस्थाओं से नहीं, बल्कि संवाद और समय–साझेदारी से ही परवरिश प्रभावी होती है। वहां वरिष्ठ अभिभावक परिवार के केंद्र में नहीं होते, पर दूर रहते हुए भी नाती–पोतों को भावनात्मक और नैतिक समर्थन देते हैं। हस्तक्षेप कम और समर्थन अधिक देने की यह शैली भारतीय परिवारों में पीढ़ियों के बीच टकराव कम करने में सहायक हो सकती है। इस प्रकार दोनों देशों का अंतर केवल स्कूली शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि पेरेंटिंग की सोच में निहित है। अमेरिका में राज्य, स्कूल और अभिभावक मिलकर बच्चे के विकास की जिम्मेदारी साझा करने का प्रयास करते हैंय वहीं भारत में संस्थागत व्यवस्थाएं विकसित होने के बावजूद माता–पिता और वरिष्ठ अभिभावकों की भूमिका अत्यंत निर्णायक बनी हुई है। भारत को अमेरिकी परवरिश की प्रतिलिपि नहीं बनानी चाहिए, बल्कि अपनी पारिवारिक और सामुदायिक शक्ति को बनाए रखते हुए खुले, आत्मविश्वासी और आत्मालोचनात्मक दृष्टिकोण से यह सीखना चाहिए कि बच्चों की भावनाएं, स्वतंत्रता और संवाद ही विकास की बुनियाद हैं। बच्चों के बीच तुलना और उन पर अनावश्यक दबाव से बचना चाहिए। समझ, सहभागिता और सीमित स्वतंत्रता से घर सचमुच पहली पाठशाला बनता है, जहां से आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक निकलते हैं। बच्चों के विकास के प्रति यह संवेदनशील सोच अभी हमारी सामाजिक मानसिकता और जमीनी क्रियान्वयन में पूरी तरह नहीं उतर पाई है,यही भारत की सबसे बड़ी चुनौती है।

(लेखक समाजसेवी हैं)

सोनिया गांधी का संस्मरण 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' एक बेहतरीन निजी कहानी

कल्याणी शंकर

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के इर्द–गिर्द आखिर क्या रहस्य है? वह 1968 में एक युवा दुल्हन के रूप में भारत आईं, और सार्वजनिक जीवन में इतने साल बिताने के बाद भी, बहुत कम लोग ही उन्हें ठीक से जानते हैं। वह अपनी निजी जिंदगी को काफी हद तक निजी ही रखती हैं, जिससे उनकी पसंद, भारत के लिए उनकी दृष्टि और विभिन्न मुद्दों पर उनकी राय को लेकर कई सवाल अनसुलझे रह जाते हैं। कुछ लोग उन्हें एक पहेली मानते हैं, तो कुछ उन्हें घमंडी समझते हैं या फिर श्ओर्बासानो की सिंड्रेलाश कहते हैं। लोगों की राय चाहे जो भी हो, वह एक असाधारण महिला साबित हुई हैं। भारत में अपने दो बच्चों की परवरिश करने में उनके प्रयासों को काफी श्रेय दिया जाता है। सोनिया गांधी की राजनीतिक मौजूदगी और उनकी निजी कहानी लोगों का ध्यान खींचती है। अमेरिकी दूतावास के एक टेलीग्राम में उनके व्यक्तित्व के उस अनोखे मिश्रण का जिक्र था, जिसमें एक तरफ भारतीय संस्कार थे, तो दूसरी तरफ उनकी मूल इतालवी पहचान झलकती थी। यह उनके सौम्य और निजी स्वभाव को दर्शाता है। उनकी हालिया किताब, श्बिलॉन्गिंगरू ए जर्नी ऑफ लक्य (अपनापन रू मोहब्बत का एक सफर)एक विवाद के बाद प्रकाशित हुई। पहले इसे पेंगुइन पब्लिशर्स ने लेने से मना कर दिया था, जिसके बाद हार्परकॉलिन्स ने इसे प्रकाशित किया। यह किताब आत्मकथा और राजनीतिक टिप्पणी का एक मिला–जुला रूप है। इसमें इटली में एक युवा लड़की के रूप में उनके जीवन और बाद में गांधी परिवार के साथ बिताए गए समय की झलक मिलती है। यह किताब चुनिंदा बातों पर ईमानदारी से बात करती है। इसमें उनकी गोतनी मेनका गांधी के परिवार से दूर होने, संजय गांधी, इंदिरा गांधी, नरेंद्र मोदी, आरएसएस और विभिन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर उनके विचारों को शामिल किया गया है। सोनिया कहती हैं, कई मायनों में, यह किताब उनकी इंसानियत को एक श्रद्धांजलि है। मेरी कहानी पाठकों को एक अनोखा नजरिया भी देती है। वह बताती हैं कि कैसे उन्होंने उस खूबसूरत देश में, जिसे वह अपना मानती हैं, छह दशकों तक सामाजिक और राजनीतिक बदलावों को करीब से देखा है। 10 नवंबर को जारी 544 पन्नों का यह संस्मरण, युद्ध के बाद के इटली और कैम्ब्रिज में बिताए गए समय से लेकर भारतीय राजनीति तक सोनिया गांधी के सफर को बयां करता है। यह 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री का पद संभालने को लेकर राजीव की शुरुआती हिचकिचाहट को उजागर करता है। 1946 में इटली के मिलन में एक साधारण परिवार में जन्मीं सोनिया का शुरुआती जीवन उम्मीदों और महत्वाकांक्षाओं से भरा था, जो बाद में उनके सामने आई राजनीतिक उथल–पुथल से बिल्कुल अलग था। उन्होंने बताया, श्दिल टूटने और अपनों को खोने के दुख ने ही मुझे राजनीति के सार्वजनिक क्षेत्र में ला खड़ा किया। उस समय तक, मैंने अपनी निजता (प्राइवेसी) को बहुत सख्ती से बचाकर रखा था। उनकी कहानी उनके बचपन से शुरू होती है, जिसमें बताया गया है कि कैसे उनके पालन–पोषण ने उनमें काम के प्रति एक मजबूत निष्ठा पैदा की। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुईकृएक ऐसी मुलाकात जिसने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। यह किताब एक विदेशी देश की एक युवा लड़की से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टियों में से एक की नेता बनने तक के उनके सफर को दर्शाती है। 1968 में राजीव के साथ सोनिया की शादी से भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश हुआ। उनकी कहानी में इस बात का जिक्र है कि शुरुआत में वह कितनी हिचकिचा रही थीं और उन्हें सांस्कृतिक अंतर के कारण किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह इंदिरा गांधी के घर के जीवन और भारतीय पारिवारिक माहौल में ढलने के अपने प्रयासों को याद करती हैं, जिसमें तीखा खाना खाना सीखना भी शामिल था। वे कुछ खास व्यंजनों का जिक्र करती हैं, जैसे कूर्ग की एवोकाडोकरी और कई तरह की तीखी सब्जियां। 1991 में राजीव की हत्या उनके जीवन का एक बड़ा मोड़ साबित हुई। उनकी अचानक मौत ने सोनिया को सार्वजनिक जीवन के केंद्र में ला दिया और उन्हें अपने डर का सामना करने के लिए मजबूर किया। वह बताती हैं कि राजीव उनके लिए श्एक ऐसी मौजूदगी बन गए जो हमेशा उनके भीतर रहती है, न कि कोई ऐसी कमी जो हमेशा चुभती रहे।च्य जब दलाई लामा ने उनसे पूछा कि क्या वे अपने पति के हत्यारों के प्रति बदले की भावना रखती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, श्नहीं, बिल्कुल नहीं। यह किताब उनके गहरे दुख और उस साहस को दिखाती है, जिसकी बदौलत वह अपने, अपने बच्चों और अपनी पार्टी के लिए आगे बढ़ने में सफल रहीं। उन्होंने अपने दुख को ताकत में बदल दिया और एक नेता के रूप में उभरीं। सोनिया को कई सवालों के जवाब भगवद गीता में मिले। हालांकि वह वयस्क होने पर बहुत धार्मिक नहीं थीं, फिर भी 1997 में उन्होंने इस ग्रंथ को पढ़ने के लिए एक संस्कृत विद्वान से निजी तौर पर शिक्षा ली। गीता का यह संदेश कि बिना किसी मोह के अपना कर्तव्य निभाना चाहिएच्य, उनके दिल को छू गया और इससे उन्हें अपने भीतर के द्वंद्वों को सुलझाने में मदद मिली। उनकी कहानी का एक मुख्य विषय यह है कि नेतृत्व में साहस (लचीलापन) और सहानुभूति कितनी महत्वपूर्ण होती है। विभिन्न समुदायों के साथ सोनिया के प्रत्यक्ष अनुभव उनके शासन–दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। वह जमीनी राजनीति के प्रति प्रतिबद्ध हैं, और ऐसी कई कहानियां हैं जो आम लोगों के साथ उनके जुड़ाव को दिखाती हैं। यह किताब भारतीय राजनीति की जटिलताओं का बारीकी से विश्लेषण करती है, जहां गठबंधन और प्रतिद्वंद्विताएं लगातार बदलती रहती हैं। सोनिया ने व्यावहारिकता और आदर्शवाद के साथ इन चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री का पद क्यों ठुकराया, या अपने दोनों बच्चों को राजनीति में क्यों शामिल किया।

41वीं इंदिरा मैराथन : पुरुष वर्ग में प्रदीप चौधरी और महिला वर्ग में नीतू कुमारी ने मारी बाजी, हाफ मैराथन में विशाल व पुष्पा रहे अव्वल

पुरुष-महिला दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का समय रहा बेहद अहम, मैराथन विजेताओं को मिले 2-2 लाख रुपये



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 19 नवंबर। 41वीं अखिल भारतीय प्राइजमनी इंदिरा मैराथन एवं हाफ मैराथन में देशभर से आए धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य मैराथन के पुरुष वर्ग में उत्तराखंड के प्रदीप चौधरी ने 2 घंटे 22 मिनट 01 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस की नीतू कुमारी ने 2 घंटे 54 मिनट 57 सेकंड का समय निकालकर बाजी मारी। हाफ मैराथन के पुरुष वर्ग में जौनपुर के विशाल यादव और महिला वर्ग में प्रयागराज की पुष्पा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य मैराथन में पुरुष वर्ग के विजेताओं के बीच प्रथम और द्वितीय स्थान का अंतर महज 12 सेकंड तथा द्वितीय और तृतीय स्थान का अंतर भी 12 सेकंड रहा। महिला वर्ग में दूसरे और तीसरे स्थान के बीच केवल 15 सेकंड का अंतर रहा। हाफ मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम और द्वितीय के बीच 23 सेकंड तथा महिला वर्ग में प्रथम और द्वितीय के बीच महज 9 सेकंड का अंतर रहा।

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य मैराथन के पुरुष वर्ग में 396 और महिला वर्ग में 40 सहित कुल 436 धावकों ने प्रतिभाग किया। वहीं हाफ मैराथन के पुरुष वर्ग में 421 और महिला वर्ग में 71 सहित कुल 492 खिलाड़ी शामिल हुए।

इंदिरा मैराथन का शुभारंभ आनंद भवन से सुबह 6रू30 बजे मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी तथा खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित खेल विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव की देखरेख में संपन्न हुई।

मुख्य मैराथन : पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता

पुरुष वर्ग

स्थान	खिलाड़ी	निवासी	समय	पुरस्कार
प्रथम	प्रदीप चौधरी	उत्तराखंड	2:22:01	2 लाख
द्वितीय	राज तिवारी	मुंबई	2:22:13	1 लाख
तृतीय	निखिल सिंह	एनएसजी	2:22:25	75 हजार

महिला वर्ग

स्थान	खिलाड़ी	निवासी	समय	पुरस्कार
प्रथम	नीतू कुमारी	यूपी पुलिस	2:54:57	2 लाख
द्वितीय	संध्या यादव	बलिया	3:07:21	1 लाख
तृतीय	अन्नू	यूपी पुलिस	3:07:36	75 हजार

हाफ मैराथन : पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता

पुरुष वर्ग

स्थान	खिलाड़ी	निवासी	समय	पुरस्कार
प्रथम	विशाल यादव	जौनपुर	1:04:51	51 हजार
द्वितीय	सतीश कुमार वर्मा	संत रविदासनगर	1:05:14	21 हजार
तृतीय	मुकेश कुमार	राजस्थान	1:06:07	11 हजार

महिला वर्ग

स्थान	खिलाड़ी	निवासी	समय	पुरस्कार
प्रथम	पुष्पा यादव	प्रयागराज	1:29:00	51 हजार
द्वितीय	बबीता कुमारी	मिर्जापुर	1:29:09	21 हजार
तृतीय	प्रीति यादव	कौशाम्बी	1:30:12	11 हजार

सकारात्मक योगदान करने वालों का सम्मान होगा : आर एस वर्मा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन, इलाहाबाद ने आज – 2026 का वैश्विक विषय भविष्य सबका है पर गोष्ठी हुई। अध्यक्ष पूर्व कमिश्नर आर एस वर्मा ने बताया कि यह दिन समाज, परिवार और समुदाय में पुरुषों और लड़कों के सकारात्मक योगदान को सम्मानित करने, उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य (जैसे प्रजनन स्वास्थ्य), लैंगिक समानता और सकारात्मक



पुरुष आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। अध्यक्ष पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा ने बताया कि इसकी शुरुआत 19 नवंबर 1999 को त्रिनिदाद और टोबैगो में डॉ. जेरोम टिलुक्सिंग द्वारा की गई थी और वर्तमान में यह भारत समेत दुनिया के 80 से अधिक देशों में मनाया जाता हैं। अध्यक्ष पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा ने बताया कि हम लोगों की इस दिवस की पूर्व संध्या पर एक कार्यक्रम रखा जिसकी सबसे मुख्य बात थी कि महिलाओं ने डॉ फरहाना सिद्दिकी, किरण बाला पांडे, डॉ गीता सिंह, रीता सक्सेना, जाया मोहन आदि के नेतृत्व में एसोसिएशन के सभी सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के हित में पौधा भेंट किया। इस अवसर पर सर्वेश मिश्रा और डॉ वीके श्रीवास्तव ने पुरुष दिवस के महत्व पर विचार रखे। श्रीमती जयश्री श्रीवास्तव ने पुरुषों के योगदान पर एक सुन्दर स्वरचित कविता सुनाई, डॉ फरहाना सिद्दिकी ने एक जोरदार गाना सुनाया,हरिश्चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया...ष गाना, संगीत के साथ सुनाया। लैंगिक समानता और सकारत्मक पुरुष आदर्श पुरुष को बढावा देने पर सबसे अधिक जोर दिया' और कहा कि ष्अंतराष्ट्रीय महिला दिवस ष8 मार्च पर अपनी एसो की समस्त महिला सदस्यों को सम्मानित करना चाहेंगे।

नि:शुल्क रेबीज कैम्प का आयोजन आज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पेट लवर्स केयर एंड क्लीनिक पत्रिका चौराहा सिविल लाइंस एवं गोल पार्क मीरापुर स्थित में शुक्रवार को सभी घरेलू और सड़क के पशुओं के लिए निःशुल्क रेबीज, डिवोर्मिंग और फ्री चेकअप कैम्प का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया है। इस तरह के कैम्प का आयोजन हर साल किया जाता है। अत्याधुनिक मशीनों से सड़क के बीमार पशुओं की जांच एवं उपचार के लिये कैम्प का आयोजन किया जाता है। पाँचवे वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में न्यूनतम मूल्य पर जानवरों के खून की सम्पूर्ण जाँच की व्यवस्था भी की गई है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी इस सिविर का आयोजन पशुधन डॉ विप्लव पांडे द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि लोगो को रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के सुझाव दिए जाएगे।

रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से लें प्रेरणा : इन्द्रजीत त्रिपाठी

ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाई गई जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ज्वाला देवी सरस्वती शिशु मंदिर, सिविल लाइन्स में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ आज मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रजीत त्रिपाठी, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा राकेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह तथा समस्त आचार्य बंधुओं एवं आचार्या बहनों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर किया



गया। सभी ने उनके अदम्य साहस, शौर्य एवं राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

विद्यालय के छात्र – छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। शिशु वाटिका की बहनें रानी लक्ष्मीबाई की आकर्षक वेशभूषा में सजकर आईं। हाथों में तलवार लेकर उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के युद्ध कौशल का जीवंत प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ओजस्वी स्वर में ष्बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।

रानी लक्ष्मीबाई अमर रहेंष के गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया।

विद्यालय की आचार्य श्रीमती शिवानी शुक्ला एवं श्रीमती मानसी मौर्य ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन–वृत्त पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके साहस, त्याग, आत्मसम्मान एवं राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख जगदीश सिंह ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई केवल एक वीरांगना ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, साहस और नारी शक्ति की अद्वितीय प्रतीक थीं। उन्होंने मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में अंग्रेजी हुकूमत को कड़ी चुनौती दी। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से राष्ट्रप्रेम, आत्मसम्मान एवं निर्भीकता की प्रेरणा लेनी चाहिए।

सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा में शामिल हुए 79.60 फीसद अभ्यर्थी

प्रथम दिन की परीक्षा शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण संपन्न : अध्यक्ष ड्ब्ल्यू. प्रशांत कुमार

छह मंडल मुख्यालयों में दो पालियों में 24 विषयों की लिखित परीक्षा संपन्न

आयोग के एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से कैमरों के माध्यम से की गई परीक्षा केंद्रों की सघन लाइव निगरानी

प्रथम पाली में 77.48, द्वितीय पाली में 81.72 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने भाग लिया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने आज बताया कि आयोग के विज्ञापन संख्या 04/2026 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद की दो दिवसीय लिखित परीक्षा के प्रथम दिवस गुरुवार को प्रदेश के 06 मंडल मुख्यालयों पर परीक्षा पूर्ण शुचिता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हो गई। उन्होंने बताया कि प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ एवं आगरा के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में कुल 24 विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। 79.60 फीसद अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली (प्रातः 09रू30 बजे से 11:30 बजे तक)



में कुल 15 विषयोंकृ शिक्षाशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, विधि, संस्कृत, भौतिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, चित्रकला, दर्शनशास्त्र, उर्दू, सांख्यिकी, भूगर्भ विज्ञान, कृषि रसायन, कृषि अर्थशास्त्र, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान तथा मानवशास्त्र की परीक्षा हुई। वहीं द्वितीय पाली (अपराह्न 02:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक) में कुल 09 विषयोंकृ इतिहास, भूगोल, वाणिज्य, गणित, संगीत गायन, कृषि वनस्पति, कृषि प्रसार, कृषि अभियंत्रण एवं संगीत वादन तबला की लिखित परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित अत्याधुनिक एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से स्वयं अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं उपसचिव की उपस्थिति में केंद्रों पर लगे एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर सतत एवं सघन दृष्टि रखी गई।

आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने परीक्षा में उपस्थिति के आधिकारिक आंकड़े साझा करते हुए बताया कि दोनों पालियों को मिलाकर कुल 50,994 (79.60 प्रतिशत) परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 32,145 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 24,907 (77.48 प्रतिशत) तथा द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 31,921 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 26,087 (81.72 प्रतिशत) अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा में महिला परीक्षार्थियों की कुल उपस्थिति 20,275 (78.03 प्रतिशत) तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 30,719 (80.67 प्रतिशत) दर्ज की गई।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि प्रदेश के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा अत्यंत सुचारू, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से निर्विघ्न संपन्न हुई है। उन्होंने प्रथम दिवस की परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण संचालन में सक्रिय एवं सराहनीय सहयोग प्रदान करने के लिए संबंधित सभी जनपदों के जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

श्रृंग्वेरपुरधाम में आज से सजेगा आध्यात्मिक संगम, 37वें राष्ट्रीय रामायण मेले का भव्य शुभारंभ

कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा तक बहेगी रामकथा और लोक संस्कृति की धारा।

स्वामी श्रीधराचार्य महाराज करेंगे मेला का उद्घाटन

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान होंगी मुख्य अतिथि।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

श्रृंग्वेरपुर धाम। ऋषि श्रृंगी और मां शांता की पावन तपोभूमि एवं निषादराज गुंह की राजधानी श्रृंगवेरपुर धाम में पतित–पावनी मां गंगा के सुरम्य तट पर आज से पांच दिवसीय 37वें राष्ट्रीय रामायण मेले का आगाज होने जा रहा है। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विश्व शांति के संदेश को लेकर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक समागम कार्तिक देवोत्थान एकादशी से प्रारंभ होकर 24 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा।

जिला पर्यटन, संस्कृति परिषद तथा पर्यटन विभाग लखनऊ के सहयोग से आयोजित मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय रामायण मेला एवं राजस्व परिषद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बाल कृष्ण पांडेय ने बताया कि मेले का विधिवत उद्घाटन 20 नवंबर को दोपहर 12 बजे श्रीमद् प्रयाग पीठाधीश्वर स्वामी श्रीधराचार्य महाराज के कर–कमलों द्वारा होगा। उद्घाटन समारोह में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वाट के सिद्धसंत स्वामी जयराम दास महाराज करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हनुमानगढ़ी राम चौरा के महंत स्वामी कमलदास महाराज, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी शांडिल्य महाराज, फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, फाफामऊ विधायक गुरुप्रसाद मौर्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मेले के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल ऋषि श्रृंगी एवं मां शांता देवी का पूजन और सायंकाल भव्य गंगा पूजन व आरती का आयोजन होगा। मुख्य मंच पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक मानस मर्मज्ञों द्वारा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा होगी। इस वर्ष मथुरा–वृंदावन से पधार रहे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य केशव अवस्थी महाराज और बद्रिकाश्रम शंकराचार्य के शिष्य स्वामी विनोदानंद महाराज प्रतिदिन रामकथा का रसपान कराएंगे। शाम 6 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

मतदाता सूची शुद्ध, त्रुटिरहित हो, पात्र मतदाता, मतदाता बनने से छूटने ना पाये - निर्वाचन आयुक्त

निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने आयुक्त कार्यालय में निर्वाचन से सम्बंधित कार्यों की किया समीक्षा

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले 10 बीएलओ को निर्वाचन आयुक्त ने किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली विवेक जोशी की अध्यक्षता में गुरूवार को गांधी सभागार में मण्डलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।जिला निर्वाचन अधिकारी ध डीएम मनीष कुमार वर्मा ने निर्वाचन प्रक्रिया से सम्बंधित चल रहे कार्यों एवं जनपद की सामान्य जानकारी व विधानसभावार ईपीरेशियों, जेण्डर रेशियों तथा अन्य कार्यों के बारे में निर्वाचन आयुक्त को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दायित्व है कि



निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पादित हो, इसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटिरहित हो कोई भी पात्र मतदाता, मतदाता बनने से छूटने न पाये। उन्होंने महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों एवं भर्ती रैलियों में कैम्प लगाकर एवं अभियान चलाकर युवा मतदाताओं से फार्म – 6 भरवाते हुए मतदाता सूची में उनका नाम शामिल किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के लिए कहा कि जिससे कि अधिक से अधिक लोगो का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने सिनेमा हॉलों में भी विज्ञापन के माध्यम से लोगो को मतदाता बनने के लिए जागरूक करने के लिए कहा है।

निर्वाचन आयुक्त ने जेण्डर रेसियों की समीक्षा करते



हुए फूलपुर, हण्डिया एवं मेजा में जेण्डर रेशियों का प्रतिशत कम पाये जाने पर उन्होंने अभियान चलाकर पात्र महिलाओं से फार्म – 6 भरवाते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जाने के लिए कहा है। इसके लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से भी समन्वय बनाकर सहयोग लिए जाने के लिए कहा है। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि फार्म – 8 संशोधन से सम्बंधित कार्यों पर सतत् निगरानी बनाये रखा जाये तथा निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का पूर्णत पालन सुनिश्चित किया जाये। निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ–साथ बीएलओ की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सम्बंधी कार्यों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने में प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण योगदान होता है। निर्वाचन कार्य में लगे हुए मतदान कार्मिकों का जितने अच्छे ढंग से प्रशिक्षण होगा, उतनी ही सरलता एवं सहजता से निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता ना हो। कहा कि मतदान के समय मतदान कार्मिकों के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रहे। उन्होंने संवेदनशील बूथों के चिन्हीकरण सहित कानून व्यवस्था के सम्बंध ा में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले 10 बीएलओ को निर्वाचन आयुक्त ने सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त ने नए वोटरों के द्वारा भरे गये फार्मों को देखा एवं और उपस्थित युवा एवं नए मतदाताओं से वार्ता भी की।

मनगढ़ धाम दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर पलटा टेंट के समान से लदा ट्रैक्टर, दो की मौत, दो गंभीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढं, प्रतापगढ़।हादसे में कई अन्य लोग भी घायल, घटना के बाद मचा कोहरामय गंभीर घायलों को रायबरेली एम्स रेफर किया गया। संग्रामगढ़ क्षेत्र के कुसमर चौराहे के पास गुरुवार शाम करीब पांच बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



मनगढ़ कृपालु धाम दर्शन के लिए जा रहे तीन मोटरसाइकिलों पर सवार लोगों के ऊपर टेंट के समान से लदा ट्रैक्टर अचानक पलट गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। हादसे में मृतक आकाश (25) पुत्र वीरेंद्र तथा शैलेंद्र (35) पुत्र सत्यपाल निवासी खानीपुर, थाना उदयपुर के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल अमरेश कुमार (25) पुत्र सूरज सरोज तथा आकाश (22) पुत्र किशन कुमार निवासी पूरे चौनी, सांगीपुर बताए गए हैं। इसके अलावा नारायण, पिंटू, नंदू और अभिषेक सहित अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए एम्स रायबरेली रेफर कर दिया गया। हादसे में दो लोगों की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में घटना को लेकर शोक का माहौल है।

मां ज्वाला देवी मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी आज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पांच दिवसीय धार्मिक मेला अवधि के दौरान मंदिर चढ़ोत्तरी की नीलामी उपजिलाधिकारी अजय कुमार यादव के आदेश पर 20 नवंबर शुक्रवार को अपराह्न 3रू00 बजे आयोजित की गई है। उक्त आशय की जनकारी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने दी है। इच्छुक बोली दाता निश्चित समय और स्थान पर पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

महिला के साथ मारपीट को लेकर आरोपी पर दर्ज हुआ केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। महिला के साथ मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गदियान गांव निवासिनी गुडडी देवी पत्नी शिवमूर्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते बुधवार की सुबह करीब आठ बजे वह गांव स्थित दुकान पर सामान की खरीददारी करने गयी थी। पीडिता का आरोप है कि घर लौटते समय गांव के राममिलन सरोज पुत्र रामनाथ सरोज ने जबरन रोक कर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नौ ज्ञात व कुछ अज्ञात पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने नौ नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के छाऊलाल बटौली गांव निवासी राजेश सरोज पुत्र सुंदरलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके भाई ने कटरा संग्राम सिंह में अपने खेत में बने तालाब में सिंघाड़े की खेती किया है। पीड़ित का आरोप है कि बीती अठारह नवंबर की शाम करीब चार बजे गांव के दिनेश, रवि, अनिल पुत्रगण नारायण व संजय, रंजीत, सोनू पुत्रगण खेलारी, खेलारी पुत्र बिहारी तथा प्रमोद, शंकर पुत्रगण श्रीपाल व कुछ अज्ञात व्यक्ति ने जबरन तालाब से पानी निकालकर सिंघाड़े की खेती को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित के भाई मनोज ने इसका कारण पूछा तो आरोपियों ने गाली देते हुए उसे मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। शोर सुनकर बीचबचाव को पहुंचे पीड़ित व उसकी भाभी शान्ती पत्नी राजेश तथा पीड़ित के पुत्र विशाल को भी आरोपियों ने मारापीटा व धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद नौ ज्ञात व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भगवान की लीला जगत के कल्याण का द्योतक–डॉ. विनोद शुक्ल जी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। ढ़िगवस के समीप पूरे वीरबल में हो रही श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को भगवान की विभिन्न लोक कल्याणकारी लीलाओं का वर्णन सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध दिखे। कथा व्यास पं. विनोद शुक्ल जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की समस्त लीलाओं का सार जगत



को नैतिक सुख प्रदान करना है। उन्होने कहा कि भगवान ने अवतार लेकर जगत के हर प्राणी को नैतिक और सांस्कारिक जीवन के साथ लोक को मंगलमय बनाने का मार्ग दिखलाया है। उन्होने कहा कि श्रीकृष्ण गोविन्द माधव ने राजधर्म को भी जनता जनार्दन के कल्याण के निमित्त आचरण की सीख दी है। उन्होने बताया कि कलिकाल में भगवान के नाम का स्मरण मात्र ही जीव के सुखमय व शांतिपूर्ण मोक्ष का मार्गदर्शन है। उन्होने कहा कि संकट के समय ही नहीं सुख में भी भगवान का स्मरण करने वाला ही भक्ति साधना का साधक हुआ करता है। संचालन पं. रामप्रकाश त्रिपाठी ने किया। कथा के संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य विनोदशंकर दुबे, आशा देवी, शोभा, अनिल तिवारी, रज्जन मिश्र, विश्वभवन शुक्ल, समरजीत सिंह, दिवाकर नाथ शुक्ल, अनिका द्विवेदी, मंगला प्रसाद मिश्र, संतोष मिश्र, छाया मिश्रा, उर्मिला मिश्रा, उषा त्रिपाठी, माया पाण्डेय, ममता शुक्ला, अनीता पाण्डेय, चारू मिश्रा, मधु पाण्डेय, त्रिभुवन मिश्र, हरीश मिश्र, हरिशंकर द्विवेदी संतोष भूषण शुक्ल, रामकरन मिश्र, शिवकुमार खरे आदि रहे।

मोदनसेन महाराज की जयंती पर गंगा तट पर गूंजे जयकारे, भव्य आरती कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम के कालेश्वर गंगा घाट पर बुधवार देर शाम मोदनवाल समाज के आराध्य भगवान श्री मोदनसेन महाराज की जयंती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर समाज और परिवार की सुख–समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

गंगा तट के पुरोहित पंडित राकेश पांडेय के निर्देशन में मोदनवाल समाज के लोगों ने सर्वप्रथम भगवान मोदनसेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद उन्हें फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया तथा विधिवत आरती उतारी गई।श्रद्धालुओं ने मोदनसेन भगवान से समाज के कल्याण और सभी के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। इसके बाद मां गंगा की भव्य आरती और पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माँ गंगा के पावन जल में दूध, फल और प्रसाद पुष्प अर्पित कर परिवार एवं बच्चों की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में



अजुहा निवासी रामबाबू मोदनवाल की पुत्री आयुषी मोदनवाल का कनिष्ठ सहायक पद पर चयन होने पर समाज ने खुशी जताई। लोगों ने रामबाबू मोदनवाल को माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने समाज के लोगों से बेटा–बेटी में भेदभाव किए बिना सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस और आईएएस बनकर समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम की अध्यक्ष रागिनी अरुण केसरवानी को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। उन्होंने भगवान मदनसेन महाराज की पूजा कर आशीर्वाद लिया और समाज को जयंती की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा गंगा घाट पर अतिरिक्त लाइट लगवाने का आश्वासन दिया।

पूजा एवं आरती का आयोजन अजय मोदनवाल और रामशंकर मोदनवाल की अगुवाई में हुआ एवं बच्चा मोदनवाल का विशेष श्रमदान रहा । इस मौके पर शिवप्रसाद मोदनवाल, नेमचंद मोदनवाल, जय नारायण मोदनवाल, जयचंद मोदनवाल, सुरेश मोदनवाल, लालजी मोदनवाल कड़ा , चेतन पंडा, पोल्ला पंडा, मोनू मोदनवाल, संजीत मोदनवाल, संदीप मोदनवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ फसल, गुणवत्तायुक्त उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि संभव-डा.मनोज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। खेतों की उर्वरता बनाए रखने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने और खेती को टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित खेत बचाओ अभियान के तहत विकासखंड कड़ा के ख्वाजकी मई गांव में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी एवं कृषि विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम में किसानों को मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने तथा कृषि भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी के मृदा वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मिट्टी किसान की सबसे बड़ी पूंजी है। लगातार असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग और फसल अवशेषों को जलाने से मिट्टी की सेहत प्रभावित होती है। उन्होंने किसानों को मृदा में जीवांश कार्बन एवं जैविक पदार्थ बढ़ाने के लिए वर्मी कम्पोस्ट, गोबर की खाद, हरी खाद, फसल अवशेष प्रबंधन तथा जैव उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करना चाहिए। स्वस्थ मिट्टी से ही स्वस्थ फसल, गुणवत्तायुक्त उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि संभव है। एडीओ कृषि भगौती प्रसाद मौर्य ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं, मृदा संरक्षण तथा खेती में वैज्ञानिक तकनीकों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों के साथ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए खेती की लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। ग्राम प्रशासक संतोष कुमार ने किसानों को पंचायत राज की ओर से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं किसान हितकारी गतिविधियों की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।पंचायत सहायक संतोष चौधरी ने भी ग्रामीणों को स्वच्छता, कृषि संसाधनों के उचित उपयोग और अभियान के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के अंत मे डा. सिंह ने किसानों को प्रेरित किया कि मिट्टी की सेहत की अनदेखी भविष्य की खेती के लिए चुनौती बन सकती है,खेतों में जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाकर,पराली का उचित प्रबंधन करके, हरी खाद अपनाकर और संतुलित उर्वरक उपयोग के माध्यम से भूमि की उर्वरता को लंबे समय तक बचाये रख सकते हैं।

कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर किया नमन

कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर आयोजित हुई गोष्ठी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को ज्वालागंज स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि इंदिरा गांधी का देशहित में दिया गया



योगदान अविस्मरणीय है। उनके कार्यों और उपलब्धियों की बराबरी कर पाना असंभव है। उन्होंने कहा कि कुछ भाजपा नेताओं द्वारा इंदिरा गांधी की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से किया जाना आश्चर्यजनक है। दोनों के व्यक्तित्व और कार्यशैली में जमीन–आसमान का अंतर है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने विवेक, साहस और दृढ़ नेतृत्व से हमेशा देश का स्वाभिमान ऊंचा रखा। उन्होंने शेर के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी में साहसिक निर्णय लेने और परिस्थितियों को समझने की अद्भुत क्षमता थी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता सुधाकर अवस्थी, शोभा दुबे, देवी प्रकाश दुबे, पं. रामनरेश महाराज, फजलुर्रहमान असलम, ओमप्रकाश कोरी, चौधरी मोइन राइन, सैयद सहाब अली, जेपी पासवान, आरिफ खान, निजामुद्दीन, अजय बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, अब्दुल रज्जाक, अकरम काले, मोहम्मद रमजान, हम्माद हुसैन और धर्मेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मासिक धर्म को लेकर किशोरियों की झिझक दूर करने की पहल, 50 सखी किट बांटी गईं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। एसबीआई फाउंडेशन एवं चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया (सीएसआई) की संयुक्त पहल एसबीआई संजीवनी–क्लिनिक ऑन व्हील्स परियोजना के तहत ग्राम उकाथू में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन को लेकर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी सही जानकारी देने के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही इस विषय से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों और झिझक को दूर करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना की स्टाफ नर्स ने किशोरियों को मासिक धर्म की प्राकृतिक प्रक्रिया, इस दौरान साफ–सफाई रखने, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं निस्तारण, संक्रमण से बचाव और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। इसे लेकर संकोच करने के बजाय सही जानकारी हासिल करना और स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी है। इस दौरान 50 किशोरियों को सखी किट वितरित की गईं। किट के माध्यम से किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान उपयोग में आने वाली आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिससे वे सुरक्षित और स्वस्थ आदतें अपना सकें। कार्यक्रम के आयोजन में आशा कार्यकर्ता सुशीला ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंधक मृत्युंजय पाण्डेय ने कहा कि किशोरावस्था बालिकाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का महत्वपूर्ण चरण है। मासिक धर्म के प्रति सही जानकारी, स्वच्छता और जागरूकता प्रत्येक किशोरी का अधिकार है। संस्था का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और आवश्यक सुविधाएं पहुंचें, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकें। सखी किट का वितरण इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

बबूल काटने को लेकर मारपीट, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के थुलगुला का मजरा कमंगलपुर गांव की एक महिला का आरोप है कि बबूल काटने को लेकर विपक्षी गाली गलौच कर उसके साथ एवं उसके सास ससुर के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और धमकी देने लगे। पीड़ित महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमंगलपुर गांव निवासी रीना देवी पत्नी संजय ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 17 नवम्बर की रात साढ़े नौ बजे के करीब बबूल काटने को लेकर विपक्षी गाली गलौच कर उसके साथ एवं सास ससुर के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता रीना देवी की शिकायत पर सैनी पुलिस ने धर्मराज , कल्लू , श्रवण व दरसू शशि के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

राष्ट्रीय एकता की मजबूती के प्रति लिया संकल्प, अर्पित की इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती यहां कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मजबूती के संकल्प के साथ मनाया। विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर जुटे



कांग्रेसियों का जत्था भारत माता के जयघोष के साथ चौक पहुंचा। यहां चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के संयोजन में कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने सशक्त भारत के निर्माण में दुनिया के पटल पर एक नया अध्याय रचा। उन्होने कहा कि देश की एकता और अखण्डता के लिए इंदिरा गांधी की शहादत सदैव प्रेरणास्पद रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन हृदय नारायण मिश्र ने किया। इस मौके पर छोटे लाल सरोज, कर्मचारी नेता रामचंद्र त्रिपाठी, राकेशकांत मिश्र, रामू मिश्र, राजू पाण्डेय, आसिफ खां, प्रीतेन्द्र ओझा, दीपक मिश्र, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय, विनय जायसवाल, मुरलीधर तिवारी, दिनेश सिंह, दयाराम वर्मा, एबादुर्रहमान, रामलखन जायसवाल, हाजी मो0 शरीफ आदि रहे।

बकरी पालन योजना में 26 लाभार्थियों का होगा चयन, 27 तक करें आवेदन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पशुपालन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में बकरी पालन योजना के तहत जनपद में 26 नए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेदव्रत गंगवार ने बताया कि योजना में राज्यांश 90 प्रतिशत और लाभार्थी अंश 10 प्रतिशत निर्धारित है। चयन में अनुसूचित जाति के बेरोजगार महिला–पुरुष पशुपालकों, विधवा एवं निराश्रित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को भी वरीयता मिलेगी। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 27 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

शिक्षक समुदाय ने भावभीनी विदाई देकर खंड शिक्षा अधिकारी को किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विकासखंड बहुआ के खंड शिक्षा अधिकारी हौसिला प्रसाद के स्थानांतरण पर शिक्षक संगठन एवं शिक्षकों की ओर से सम्मान और विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षकों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके सरल, सहज और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की। इस दौरान उन्हें स्मृति चिह्न और पुष्प भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष देवा शुक्ला, महामंत्री पंकज पासवान, कोषाध्यक्ष उदित सचान और संचालक राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि हौसिला प्रसाद ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ किया। उनका व्यवहार शिक्षकों के प्रति हमेशा सहयोगात्मक और आत्मीय रहा। उनकी सरल कार्यशैली और सौम्य व्यक्तित्व के चलते उन्होंने शिक्षक समुदाय के बीच अलग पहचान बनाई। समारोह के दौरान शिक्षकों ने उनके साथ काम करने के अनुभव साझा



किए और कहा कि उन्होंने विभागीय कार्यों के साथ–साथ शिक्षकों की समस्याओं और जरूरतों को समझने का भी प्रयास किया। उनके नेतृत्व और व्यवहार ने सभी के बीच विश्वास और सम्मान का भाव कायम किया। इस अवसर पर राजकुमार, शुभम शर्मा, प्रवीण, मोनिका वर्मा, प्रियम साहू, सविता, अंजू, मधु, हिमांशु, देवेंद्र, सत्यम, मोनिस, अंकित, धर्मवीर सिंह, संजय यादव, अनुपम श्रीवास्तव, अभिषेक आर्य, संगम सिंह, प्रमोद, श्रीकांत, लालबहादुर सिंह, महेंद्र यादव, जितेंद्र मिश्र, जितेंद्र यादव, परशुराम बाजपेई, आदित्य, किरण गुप्ता, संजना, अमिता और प्रियंका सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। अंत में शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने हौसिला प्रसाद के उज्ज्वल भविष्य और नए कार्यक्षेत्र में सफलता की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का हिस्सा है, लेकिन अच्छे कार्य और आत्मीय व्यवहार की यादें हमेशा बनी रहती हैं।

महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर होगी सुनवाई, 20 नवंबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, जमीन विवाद और महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए 20 नवंबर को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य गीता विश्वकर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से सर्किट हाउस सभागार में होगा।जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी तथा उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा, उत्पीड़न और अन्य समस्याओं की रोकथाम के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाना है।

महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर होगी सुनवाई, 20 नवंबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, जमीन विवाद और महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए 20 नवंबर को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की सदस्य गीता विश्वकर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से सर्किट हाउस सभागार में होगा।जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनी जाएंगी तथा उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा, उत्पीड़न और अन्य समस्याओं की रोकथाम के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाना है।

वाराणसी में बीज दुकानों पर कृषि विभाग का छापा, 34 नमूने जांच के लिए भेजे गए

प्रातः काल एक्सप्रेस

वाराणसी। किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कृषि अधिकारी ने टीम के साथ जिले के विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर सघन छापेमारी की। इस दौरान मां किसान घर, जनता किसान घर, दी किसान बीज घर, किसान घर और कृषि विकास केंद्र जगतगंज रामकटोरा सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने कुल 34 बीज नमूने संकलित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। जिला कृषि अधिकारी ने विक्रेताओं को निर्देश दिया कि केवल अधिकृत कंपनियों के मानक बीज ही निर्धारित दर पर बेचें। अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने और बीज सीज करने की कार्रवाई होगी। किसान बीज संबंधी शिकायत 9369560120 और उर्वरक संबंधी शिकायत 7007259547 पर दर्ज करा सकते हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कोन मंडल में बैठक संपन्न

मीरजापुर । नगर विधानसभा क्षेत्र के कोन मंडल अंतर्गत ग्राम मवैया स्थित आशीर्वाद लॉन में 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक चलने वाले विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (ैत्) अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में अभियान के सफल संचालन और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा गया कि अपने–अपने क्षेत्र में घर–घर संपर्क कर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं और छूटे हुए पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। कोई भी पात्र नागरिक सूची से वंचित न रहे, यही प्रयास है। बैठक में बताया गया कि 21, 22 नवंबर व 28, 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें बीएलए से संपर्क कर डाटा एंट्री कराई जाएगी, जिससे मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ सके। बैठक में पूर्व जिला मंत्री अमित सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल जिला महामंत्री किसान मोर्चा दीपक सिंह, जिला शोध सह प्रमुख बृजभान सिंह, बिनय सिंह, जिला मंत्री किसान मोर्चा अजय त्रिपाठी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



लोक गायिका ऊषा गुप्ता एवं पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव व निधि पटेल बनी मतदाता जागरूकता आइकन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । जिलाधिकारी धजिला निर्वाचन अधिकारी, पवन कुमार गंगवार ने अर्हता दिनांक 01–01–2027 के आधार पर सम्पन्न हो रहे विधान सभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2027 हेतु स्वीप योजना (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता, पंजीकरण एवं सहभागिता संबंधी कार्यवाही हेतु जनपद स्वीप आईकन निधि पटेल अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षिका, क्षेत्रीय खेल कार्यालय, मीरजापुर, पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, लोकगायिका, मीरजापुर एवं दिव्यांग आईकन उषा गुप्ता, अन्तर्राष्ट्रीय लोकगीत ६ कजली गायिका, मीरजापुर को नियुक्त किया जाता है। उक्त स्वीप आईकन एवं दिव्यांग आईकन नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पवन कुमार गंगवार ने बताया कि उपरोक्त तीनों आइकान जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप स्वीप योजना (Systematic Voters' Education and Electoral Participation) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता, पंजीकरण एवं सहभागिता संबंधी कार्यवाही करेंगे।



36.52 करोड़ की सड़क परियोजना को सीएम योगी की मंजूरी, मड़िहान को मिलेगी बेहतर सड़क सुविधा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। गुरुवार को मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के आग्रह एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इमलियाचट्टी से नहर होते हुए अदलहाट मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए ध्36.52 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। लगभग 10 किलोमीटर लंबा यह मार्ग कुछ समय से क्षतिग्रस्त था, जिसके कारण क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

इस मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण की स्वीकृति मिलने से मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण आधुनिक तकनीक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। इससे क्षेत्र में सड़क संपर्क मजबूत होगा और ग्रामीण एवं दूरस्थ इलाकों के लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

इस संबंध में विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने बताया कि कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कराकर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए इसके निर्माण एवं चौड़ीकरण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। क्षेत्रवासियों की सुविधा और जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया गया।

विधायक पटेल ने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से



ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलता है। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी तथा आवागमन और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति प्रदान करने पर पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था के खिलाफ मानवाधिकार संगठन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय व सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मंडलीय चिकित्सालय व मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार, ट्रामा सेंटर में कार्डियोलॉजिस्ट व नेफ्रोलॉजिस्ट की नियुक्ति, सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक, आउटसोर्सिंग फर्म वाजपेई वेंडर का टेंडर निरस्त कर ब्लैकलिस्ट करने तथा अवैध अस्पताल, पैथोलॉजी सेंटर व झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की।



नेतृत्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे एडवोकेट व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सेठ ने किया। इस दौरान भैरव नेत्र चिकित्सालय सिविल लाइन को शीघ्र खोलने की भी मांग उठी, जिस पर सीएमओ डॉ. कीर्ति कुमार मिश्रा ने शीघ्र खोलने व अवैध अस्पतालों पर प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडे ने कहा, ट्रामा सेंटर में हृदय व किडनी रोग विशेषज्ञ नहीं होने से लोग मरने को विवश हैं। उन्होंने प्राचार्य पर आउटसोर्सिंग फर्म के नाम पर धनवसूली का आरोप लगाया।

प्रदर्शन में आजाद आलम, मंडल अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. रामनाथ बिंद, वसीम अहमद, संतोष मिश्रा, जय बहादुर प्रजापति, रत्नेश विश्वकर्मा, अविनाश मिश्रा, छोटेलाल तिवारी, मोहम्मद नूर हसन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहें।

विजय श्रीवास्तव मिर्जापुरी को मिला राष्ट्रीय दयावंत साहित्य सम्मान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। के.एस.पी. ट्रस्ट ने वरिष्ठ साहित्यकार विजय श्रीवास्तव मिर्जापुरी को उनके साहित्यिक योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर के श्दयावंत साहित्य सम्मानश से अलंकृत किया। विजय मिर्जापुरी ने श्विजय की बाल कविताएंश, श्भेदभाव मत करिहाश व श्पर्यावरण शिक्षा के विविध आयामश समेत अनेक पुस्तकों की रचना की है।

सम्मान समारोह में अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शक्ति श्रीवास्तव ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक रहते हुए विजय मिर्जापुरी ने कई उपयोगी व प्रेरणादायी पुस्तकों की रचना की। वे संगीत, कला, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण व सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय हैं। उन्हें पूर्व में हिंदी श्री, साहित्य चेतना, सर्वोदय रत्न, हिंदी गौरव, विंध्य चेतना सम्मान, अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति सम्मान, सखी साहित्य सम्मान, मानवाधिकार भूषण व स्वामी विवेकानंद सोशल रिफॉर्मर अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

ट्रस्ट के संस्थापक न्यासी रजत श्रीवास्तव ने कहा कि वनस्पति विज्ञान व शिक्षा शास्त्र में स्नातकोत्तर के साथ क्रिमिनल जस्टिस, साइबर लॉ व ह्यूमन राइट में भी विशेषज्ञता रखने वाले विजय बहुमुखी प्रतिभा के



धनी हैं। इस अवसर पर डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव व यश शेखर आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य कला संगम सम्मान से गोपाष्टमी पर सम्मानित हुए राम अनुज धर द्विवेदी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र/लखनऊ । काशी हिन्दी विद्यापीठ – वाराणसी, उ. प्र. द्वारा संचालित अखिल भारतीय लेखक, कवि, कलाकार परिषद् द्वारा लखनऊ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

यह कार्यक्रम गो भक्त सन्त स्वामी श्री करपात्री जी महाराज की स्मृति में गोपाष्टमी पर आयोजित 'अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य ६ कला संगम, अखिल भारतीय गौभक्त कवि सम्मेलन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम ६ संगम – 2026' हुआ ।इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को 'विशेष मानद सम्मान – 2026' से सम्मानित किया गया।यह कार्यक्रम मंगलवार को देर शाम तक श्री जनकल्याणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, सैनिक नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विद्यासागर उपाध्याय "वेद मूर्ति" ६ "शास्त्रमूर्ति", अंतरराष्ट्रीय चिंतक



रहे व विशिष्ट अतिथि आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जी रहे व

आयोजन अध्यक्ष – डॉ. कर्नल आदि शंकर मिश्र "आदित्य", विद्या वाचस्पति, विद्या–सागर व प्रमुख संयोजक ६ संचालक कवि इन्द्रजीत तिवारी निर्भीक रहे।

सम्मानकर्ता प्रमुख संरक्षक कवि सुखमंगल सिंह मंगल

संरक्षक –' डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी 'ओम'व चन्द्र शेखर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू संघर्ष समिति व प्रदेश प्रभारी नर्ई पीढ़ी व अन्य मंचासीन अतिथि रहे।

इस समारोह में देशध्प्रदेश के कई प्रतिष्ठित कवि, लेखक और साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पुस्तक विमोचन, पत्रिका विमोचन व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इसी क्रम में अखिल भारतीय लेखक कलाकार परिषद व काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा जिले के घोरावल तहसील क्षेत्र के महुआंव पाण्डेय गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी अधिवक्ता साहित्यकार, पत्रकार व कवि राम अनुज धर द्विवेदी को उनके लेखन, कविता संग्रह, साहित्यिक कार्यक्रमों में शामिल होने व उनके उत्तम कार्यों को देखते हुए अखिल भारतीय गौ भक्त काव्य कला संगम सम्मान से सम्मानित किया गया।।

बताते चलें कि इसके पूर्व में श्री द्विवेदी जी को सोन रत्न, सोन गौरव, समाज शिरोमणि, कर्मवीर योद्धा, कोरोना योद्धा, पत्रकार गौरव, हिन्दी गौरव रत्न सम्मान, पूर्वांचल एकता सम्मान, स्वामी विवेकानंद युवा सम्मान, दिव्य गंगा सेवी सम्मान, टीजीटी सम्मान व विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि सहित तमाम सम्मान पत्र प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर तमाम क्षेत्रों से आए हुए कवि, साहित्यकार, पत्रकार लेखक आदि लोग मौजूद रहे।

इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती पर गुरुवार को पक्की सराय स्थित इंदिरा गांधी पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस



दौरान अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि इंदिरा गांधी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा। बैंकों के राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति और 1971 के युद्ध में उनकी निर्णायक भूमिका ने भारत को सशक्त बनाया। कांग्रेस नेता शशिभूषण दुबे व जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर ने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के स्वाभिमान की रक्षा तक उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय दुबे, पीसीसी सदस्य रमेशचंद्र प्रजापति उर्फ पप्पू, अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव इश्तियाक अंसारी, मझवां ब्लॉक अध्यक्ष कुंज बिहारी उपाध्याय, शहर अध्यक्ष डॉ. दिनेश चौधरी, छोटे खान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत घर-घर पहुंचे भाजपाई, नए युवा मतदाताओं के भरे फार्म-6

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मतदाता जोड़ो अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा ने गुरुवार को शक्तिकेंद्र बसही के मोहल्ला लोहीया तालाब, छोटी बसही में घर–घर जनसंपर्क कर नए युवा मतदाताओं का फार्म–6 भरवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष घर–घर संपर्क कर मोदी–योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बता रहे हैं और योजनाओं का लाभ पा रहे लाभार्थियों से भी जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2027 में प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने जा रही है। सपा सरकार के कार्यकाल में लूट, हत्या, बलात्कार और दंगा आम जनता देख चुकी है। मतदाता जोड़ो अभियान में मुख्य रूप से मंडल मंत्री धीरज तिवारी, पूर्व सभासद विनोद मौर्य, शक्तिकेंद्र संयोजक राकेश मौर्य, बूथ अध्यक्ष दिलीप यादव, नंद लाल यादव, भगवान दास, अनिल मौर्य, अनिल जायसवाल आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने की मांग को समर्थन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र । डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़ी अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने की मांग को लेकर संपूर्ण उत्तर प्रदेश में पदयात्रा कर रहे अधिवक्ता राहुल चौधरी को समर्थन प्रदान किया



है। एसोसिएशन की ओर से उन्हें समर्थन पत्र दिया तथा इस अभियान के प्रति एकजुटता व्यक्त की गई।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एड ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग हैं और समाज में न्याय एवं विधिक अधिकारों की रक्षा के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं पर हमले, धमकी एवं उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाना समय की आवश्यकता है।

पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा ने कहा कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होने से अधिवक्ताओं को अपने विधिक दायित्वों का निर्वहन निर्भीक होकर करने में मदद मिलेगी। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने अधिवक्ता राहुल चौधरी के अभियान को समर्थन देते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम शीघ्र लागू किए जाने की मांग उठाई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

अन्तर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव में विदेशी कलाकार भी बिखेरेंगे जलवा

बिरसामुण्डा जयन्ती पर जनजाति समुदाय के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करेगा कार्यक्रम–जयवीर

लखनऊ, संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में जनजातीय समुदाय के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करने और लोक नायक बिरसामुण्डा की जयन्ती पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 23 से 26 नवम्बर तक यूपी दर्शन पार्क गोमतीनगर लखनऊ में जनजातीय गौरव पखवाड़ा और अन्तर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के रहन सहन, लोककला, विविधता, संस्कृति तथा समृद्ध विरासत को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। इन सभी कार्यक्रमों में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। उन्होंने राजधानीवासियों से अपील की कि आयोजन में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।पर्यटन मंत्री गुरूवार को लोक भवन में अन्तर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव के बारे में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 नवम्बर, 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। 1090 चौराहे से सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विभिन्न राज्यों के 250 कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देगे और समागम यात्रा निकाली जायेगी। 25 एवं 26 नवम्बर को कजाकिस्तान, जिम्बाम्बे एवं मालद्वीप के कलाकार प्रस्तुतियां देगे।कलाकार सहभागिता उत्सव में 12 राज्यों जिसमें महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, असम, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश के 500 से अधिक कलाकार पारम्परिक नृत्य, संगीत और वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन करेंगे। हस्तशिल्प और कला मेला में 70 से अधिक हस्तशिल्प स्टॉल लगाये जा रहे हैं। व्यंजन मेला अंतर्गत जेवनार एवं देशी स्वाद नाम से व्यंजन मेले के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। साहित्यिक एवं विकास मंच को प्रोत्साहित करते हुए जनजाति साहित्य को समेटे जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी जनजातीय संग्रहालय भोपाल, मध्य प्रदेश एवं अन्य प्रकाशनों द्वारा पोथी घर के साथ अन्य स्टॉल लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में धरती आबा नाटक का मंचन किया जायेगा। जनजातीय समाज के उत्थान और विकास



पर संगोष्ठी का आयोजन होगा। शिल्प मेले का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 5 बजे से प्रारम्भ होगा। मेले का समापन रात्रि 9 बजे तक होगा। इस भव्य आयोजन लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, जनजाति विकास विभाग, ट्राइबल रिसर्च इस्टीट्यूट, समाज कल्याण विभाग, पर्यटन व संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। आयोजनों के बारे में लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक श्री अतुल द्विवेदी ने विस्तार से जानकारी दी। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान संस्कृति निदेशक संजय कुमार सिंह, विशेष सचिव संस्कृति दीपा रंजन, उपनिदेशक समाज कल्याण प्रियंका सिंह तथा सहभागी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मोती झील की जमीन पर प्लश्वटिंग की शिकायत सुनकर वीसी ने अधिकारियों को फटकार लगाई

लखनऊ, संवाददाता। एलडीए के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने गुरुवार को पहली बार प्राधिकरण दिवस (जनता अदालत) में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। करीब 30–40 शिकायतें पहुंचीं। इनमें ऐशबाग की ऐतिहासिक मोतीझील जमुना झील पर कब्जे और यहियागंज में मंदिर तोड़कर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के आरोप शामिल रहे। झील की जमीन पर प्लॉटिंग की शिकायत सुनकर वीसी ने अधिकारियों को फटकार लगाई। पीसीएस अधिकारी प्रभाकर सिंह से कहा आप लोग पीसीएस अधिकारी हैं, इसके बावजूद नहीं जानते कि तालाब की जमीन पर कब्जा नहीं हो सकता। झील की जमीन झील की ही होती है। इसे संरक्षित करना प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। ऐशबाग के पूर्व पार्षद गणेश कनौजिया ने शिकायत की कि ऐतिहासिक जमुना झील की जमीन पर कब्जा कर उसे पाटने और प्लॉटिंग की तैयारी की जा रही है। उन्होंने झील को कब्जामुक्त कराने की मांग की। इस पर वीसी ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर जमीन की स्थिति की जांच कराने की बात कही। अनुज सिंह ने कहा कि पहले यह देखा जाएगा कि जमीन निजी है या झील की। अगर वह वॉटर बॉडी की जमीन निकली तो उस पर किसी तरह का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। राजस्व विभाग के समन्वय से कार्रवाई होगी। शिकायतकर्ता ने बताया कि झील के पास बड़ा श्मशान घाट और कब्रिस्तान है। आरोप है कि पूर्व में कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना था कि रजिस्ट्री या खतौनी किसी के नाम होने से जलाशय की जमीन का स्वरूप नहीं बदल जाता। यहियागंज रकाबगंज निवासी एके तिवारी ने 244/25 पर अवैध निर्माण की शिकायत की। उनका आरोप है कि यहां पहले श्रीरामजानकी गुप्ता का राधा–कृष्ण मंदिर था। शिवम बंसल और कृष्ण अवस्थी ने मंदिर ध्वस्त कर करीब 20 हजार वर्गफीट में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनवा दिया। तिवारी के मुताबिक, निर्माण का नक्शा पास नहीं है। एलडीए इस कॉम्प्लेक्स को दो बार सील कर चुका है। ध्वस्तीकरण का आदेश भी जारी हो चुका है, इसके बावजूद निर्माण जारी है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी दो बार जनता अदालत में शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को वीसी ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनता अदालत के दौरान अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर वीसी की नाराजगी सामने आई। उन्होंने ओएसडी राजीव कुमार को भी कामकाज में सुधार करने की हिदायत दी। उनसे कहा कि काम सीख लीजिए, वरना मैं ठीक कर दूंगा। वीसी अनुज सिंह ने बताया कि पहले प्राधिकरण दिवस में करीब 30–40 शिकायतें आई हैं। इनमें जमीन पर अतिक्रमण और रजिस्ट्री से जुड़े मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगली बार शिकायतों की सुनवाई और समाधान की प्रक्रिया को ज्यादा व्यवस्थित किया जाएगा। अधिकारियों की भूमिका पर उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी मामले में अधिकारी की संलिप्तता मिली तो सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जाएगी।

समरीन हत्याकांड के आरोपी ने कारागार के बाथरूम में तौलिये का फंदा बनाकर किया सुसाइड

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ स्थित जिला कारागार में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब समरीन मौत मामले के मुख्य आरोपी अवनीश जायसवाल उर्फ देव ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि आरोपी बंदी का शव जेल की बैरक के बाथरूम में तौलिये के फंदे से लटका मिला। जेल के भीतर बंदी द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर मिलते ही कारागार प्रशासन में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पाकर जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी और स्थानीय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। गौरतलब है कि बीते 14 अक्टूबर को सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के होटल सेलेस्टियल मैन्योर की 10वीं मंजिल से गिरकर 24 वर्षीय समरीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि घटना वाले दिन समरीन अपने बॉयफ्रेंड अवनीश जायसवाल उर्फ देव के साथ उसी होटल में ठहरी थी। दोनों ने दोपहर करीब 12 बजे होटल में चेक–इन किया था और शाम करीब साढ़े छह बजे समरीन 10वीं मंजिल से नीचे गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से आरोपी अवनीश जायसवाल फरार हो गया था। समरीन की मौत के मामले में नामजद होने के बाद पुलिस आरोपी अवनीश जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच घटना के दो दिन बाद आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था, जिसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में लखनऊ जिला कारागार भेजा गया था और तभी से वह जेल में निरुद्ध था। गुरुवार को उसने बैरक के बाथरूम में तौलिये का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। फिलहाल जेल प्रशासन और पुलिस के अधिकारी जेल कर्मियों एवं अन्य बंदियों से पूछताछ कर घटना के कारणों और परिस्थितियों की गहन जांच में जुटे हुए हैं। यह मामला लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित होटल सेलेस्टियल मैन्योर में हुई 24 वर्षीय समरीन की संदिग्ध मौत और उसके बाद मुख्य आरोपी अवनीश जायसवाल उर्फ देव द्वारा जिला जेल में आत्महत्या किए जाने से जुड़ा है।

रोड शो में मासूम की मौत पर अखिलेश ने जताया शोक, बोले– दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर राजनीति कर रहे लोग

लखनऊ, संवाददाता। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोरखपुर में रोड शो के दौरान हादसे में भाजपा नेता के 14 वर्षीय बेटे आर्य वर्धन सिंह की मौत पर शोक जताया है साथ ही मामले पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि किसी मासूम की हादसे में हुई मृत्यु से हम सब आहत हैं और परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते है और अपने लोगों से उस परिवार से मिलकर उनकी हर संभव सहायता करने के लिए कह चुके हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर राजनीति करनेवाले लोग याद रखें कि उन्होंने लखनऊ



अग्निकांड में युवा मृतक की दुखी मां के साथ कैसा दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें धमकी दी थी। शोक का नाटक करनेवालों का स्वांग जनता समझ चुकी है।

सपा ने घटना की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की

समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल ने गोरखपुर हादसे की सच्चाई सामने लाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश के चौराहों पर लगाए गए कैमरों की मदद से घटना का पूरा घटनाक्रम सामने आ सकता है। सपा ने दावा किया कि सीसीटीवी सिस्टम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से भी जोड़ा गया है, जिससे जांच में मदद मिल सकती है।

पार्टी ने कहा कि फुटेज सामने आने से यह स्पष्ट हो सकेगा कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और किसकी क्या भूमिका थी। सपा ने यह भी आरोप लगाया कि एक साजिश के तहत घटना को पार्टी से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उसने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी ने प्रदेश के डीजीपी और गोरखपुर पुलिस को भी टैग किया।

उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

लखनऊ, संवाददाता। विश्व धरोहर सप्ताह 19 से 25 नवम्बर के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ एवं इतिहास विभाग, बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान मे गौतम बुद्ध केंद्रीय ग्रन्थालय बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने किया।इस अवसर पर राज्य पुरातत्व निदेशक रेनू द्विवेदी ने कुलपति को प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों के माध्यम से प्रदेश के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों तथा विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण एवं अनुरक्षण कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। निदेशक रेनू द्विवेदी द्वारा कुलपति को पौधा एवं स्मारक का पोर्ट्रेट भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रदर्शनी में निदेशालय द्वारा विभिन्न संरक्षित स्मारकों पर कराए जा रहे बृहद अनुरक्षण एवं संरक्षण कार्यों के छायाचित्रों के साथ–साथ प्रदेश के महत्वपूर्ण संरक्षित स्मारकों एवं पुरातात्विक स्थलों को प्रदर्शित किया गया। इनमें फतेहपुर स्थित रसिक बिहारी लाल वाराणसी का कर्दमेश्वर महादेव मंदिर, लखनऊ का गुलिस्ताने इरम, लखीमपुर खीरी का मेंढक मंदिर, बालाबेहट किला, रसखान की समाधि तथा उत्खनित पुरास्थलों में मलहर चंदौली एवं राजा नल का टीला सोनभद्र सहित अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों के छायाचित्र शामिल थे। निदेशक रेनू द्विवेदी ने बताया कि विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय द्वारा प्रदेश के 27 जनपदों में 41 शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत के प्रति जन–जागरूकता विकसित करना तथा विशेष रूप से युवाओं एवं विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली विरासत से परिचित कराना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां हमारी समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जनसामान्य तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजन तथा आमजन, विशेषकर युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों में ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता और संरक्षण की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने पर बल दिया।प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के 600 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत के पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

बलरामपुर अस्पताल में खत्म हुआ खून, मदद को आगे आए छात्र, 50 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान

लखनऊ, संवाददाता। जब जरूरत की घड़ी आती है, तो इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म बनकर सामने आती है। राजधानी के प्रमुख बलरामपुर अस्पताल में बीते दिनों रक्त की भारी किल्लत हो गई थी, जिससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों और उनके परिजनों के सामने जीवन–मरण का संकट खड़ा हो गया था। अस्पताल की इस विकट स्थिति को देखते हुए आज ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के तत्वावधान में दारुल उलूम नदवतुल उलमा के शिक्षकों और छात्रों ने मानवता की एक अनूठी मिसाल कायम की। आज दोपहर 12.00 बजे बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में दारुल उलूम नदवतुल उलमा के 50 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक रक्तदान किया। केवल छात्र ही नहीं, बल्कि इस नेक



मुहिम की अगुवाई करते हुए ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के कोऑर्डिनेटर शफीक चौधरी तथा नदवतुल उलमा के उस्तादों (शिक्षकों) ने भी स्वयं रक्तदान कर समाज को एक बड़ा संदेश दिया।मरीजों के चेहरों पर लौटी मुस्कानअस्पताल में रक्त की कमी के कारण जिन मरीजों के ऑपरेशन या इलाज में बाधा आ रही थी, इस रक्तदान अभियान से उन्हें बड़ी राहत मिली है। रक्तदान करने वाले छात्रों का कहना था कि मजहब हमें यही सिखाता है कि किसी की जान बचाना पूरी इंसानियत को बचाने जैसा है। जब हमें पता चला कि बलरामपुर अस्पताल में खून की कमी है, तो हम खुद को रोक नहीं पाए। अस्पताल प्रशासन ने की सराहना इस अवसर पर बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. बी के एस चौहान , मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. पी के श्रीवास्तव तथा ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डॉ विनोद और सीनियर नर्स रुचि विशेष रूप से उपस्थित रहे। अस्पताल प्रशासन ने ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम और दारुल उलूम नदवतुल उलमा के इस जज्बे की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं की इस पहल से कई कीमती जानें बच सकेंगी।कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर शफीक चौधरी ने सभी रक्तदाताओं और अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फोरम भविष्य में भी मानवता की सेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

संक्षिप्त

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर प्रदर्शन

लखनऊ, संवाददाता। हजरतगंज स्थित राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) कार्यालय के बाहर गुरुवार को 68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने कार्यालय के बाहर झाड़ू लगाकर सांकेतिक विरोध जताया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को हटाने पहुंची पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक उठाकर वहां से हटाया। अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रदर्शन दस्तक दो अभियान और गोरिल्ला घेराव के तहत आयोजित किया गया। उनका कहना है कि लंबे समय से नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इसी के विरोध में रालोद कार्यालय के बाहर झाड़ू लगाकर सरकार और पार्टी का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रालोद प्रमुख जयंत चौधरी केंद्र सरकार में शामिल हैं। ऐसे में उन्हें अभ्यर्थियों की मांग केंद्र सरकार तक पहुंचानी चाहिए, ताकि 68,500 शिक्षक भर्ती का मुद्दा हल हो सके। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे कई राजनीतिक दलों और नेताओं के सामने अपनी मांग रख चुके हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। कार्यालय के बाहर प्रदर्शन बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अभ्यर्थियों को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक उठाकर वहां से ले जाया गया। अभ्यर्थियों ने कहा कि जब तक उनकी नियुक्ति की मांग पूरी नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा।

कार टोचिंग कर ले जा रहा छोटा हाथी पलटा,चालक समेत दो घायल

लखनऊ, संवाददाता। रहीमाबाद में गुरुवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त कार को टोचिंग कर ले जा रहा छोटा हाथी डाला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक समेत दो लोग केबिन में फंस गए। आसपास के ग्रामीणों ने डाले का केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में डाले का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना भतोइया गांव के पास की है। जानकारी के मुताबिक, चिनहट निवासी दीपक बृहस्पतिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे छोटा हाथी डाले से दुर्घटनाग्रस्त कार को टोचिंग कर हरदोई स्थित हुंडई एजेंसी ले जा रहे थे। कार को रस्सी से बांधा गया था। कार में चिनहट निवासी भानु यादव सवार थे। रहीमाबाद के भतोइया गांव के पास ओवरब्रिज से उतरते समय अचानक कार चालक ने हैंडब्रेक लगा दी। इससे डाला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में डाला चालक दीपक और हरदोई के सुरसा थाना क्षेत्र स्थित बभना निवासी ज्ञानेश मिश्रा केबिन में फंस गए। दुर्घटना के बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के समय सामने से कोई दूसरा वाहन नहीं आ रहा था। इससे बड़ा हादसा टल गया। टक्कर के बाद डाले का अगला हिस्सा और केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

लखनऊ, संवाददाता। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया गांव में बृहस्पतिवार सुबह दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोग घायल हुए। ग्रामीणों ने उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया। हरदोई जिले के संडीला थाना क्षेत्र के कुन्ना निवासी अरविंद पत्नी सुनीता के साथ लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती अपने भाई को देखने जा रहे थे। इसी दौरान रहीमाबाद के दुनदाखेड़ा निवासी शबान अपने भाई मेराज के साथ बाइक से तीन दूध की कैन बांधकर जा रहा था। पुलिस पिकेट के पास शबान की बाइक ने अरविंद की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर गए। हादसे में दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। टक्कर से दूध की एक कैन सड़क पर गिर गई और उसमें भरा दूध बिखर गया। एक गाड़ी का पिछला हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

सिकंदराबाद चौराहे के पास गिरा पेड़,हेड कांस्टेबल समेत दो घायल

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज के सिकंदराबाग चौराहे के पास गुरुवार को सड़क किनारे परिसर में लगा एक पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। इसकी चपेट में आने से हेड कांस्टेबल समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे में हेड कांस्टेबल के पैर में फ्रैक्चर हुआ, जबकि साइकिल सवार का सिर फट गया और हाथ टूट गया। दोनों घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल हेड कांस्टेबल राजकुमार सरोज बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक पेड़ उनकी बाइक पर गिर पड़ा। हादसे में उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। वहीं, साइकिल से जा रहे संजीत शर्मा पेड़ के नीचे दब गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई और हाथ टूट गया।

बीआर्क की छात्रा ने फांसी लगाई,कमरे से दुपट्टा और पुराना सुसाइड नोट मिला

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के चिनहट में बीआर्क की 22 साल की छात्रा ने किराए के फ्लैट में फांसी लगाकर जान दे दी। 18 नवंबर की शाम उसकी सहेली फ्लैट पर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। गार्ड की मदद से अंदर पहुंचने पर शिवानी जमीन पर बेहोश मिली। गार्ड की मदद से रुममेट उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कमरे में पंखे से दुपट्टा लटक रहा था। पुलिस को डायरी में पुराना सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि, पिता ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। शिवानी प्रयागराज के ग्राम लेदहा, थाना नवाबगंज की रहने वाली थी। वह चिनहट के अशरफ विहार कॉलोनी स्थित शक्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 205 में दो सहेलियों के साथ रहती थी। तीनों बीबीडी में पढ़ाई और नौकरी करती थीं। पुलिस के मुताबिक, 18 नवंबर की शाम करीब 8 बजे शिवानी की सहेली रिया मिश्रा नौकरी से फ्लैट लौटी। दरवाजा अंदर से बंद था। उसने अपार्टमेंट के गार्ड की मदद से सीढ़ियों की तरफ से अंदर जाने का रास्ता बनाया। कमरे में शिवानी जमीन पर बेहोश पड़ी मिली। रिया ने अपने परिचित अभिषेक चौधरी को बुलाया। इसके बाद शिवानी को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम से कमरे का निरीक्षण कराया। इस दौरान पंखे से लटक रहा दुपट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। कमरे में रखी डायरी से एक पुराना सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस उसका अवलोकन कर रही है। पुलिस ने अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की और गार्ड से पूछताछ की। शुरुआती जांच में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है।

'एयर रेड मॉक ड्रिल' को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, आपसी समन्वय व पूर्ण सतर्कता के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। आगामी 22 नवंबर को प्रस्तावित 'एयर रेड मॉक ड्रिल' की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभागवार तैयारियों का जायजा लेते हुए डीएम ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय और पूर्ण सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियां समय से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य किसी भी आकस्मिक एवं आपातकालीन परिस्थिति में प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया, राहत-बचाव व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का परीक्षण करना है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास के दौरान एयर रेड की चेतावनी मिलने पर तत्काल अलर्ट व सूचना प्रसारण, आपात स्थिति में ब्लैकआउट (लाइट बंद करने) की व्यवस्था, संबंधित विभागों की त्वरित सक्रियता और आम नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि इस मॉक ड्रिल को महज औपचारिकता न समझें, बल्कि वास्तविक आपातकालीन स्थिति मानकर पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ संचालित करें।

बैठक में निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने स्तर से आवश्यक मानव संसाधन, उपकरण और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की उपलब्धता समय से सुनिश्चित कर लें। साथ ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल की पूर्व जानकारी दे दें, ताकि अभ्यास के दौरान सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके और जनपद की आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने सभी विभागों को नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ. ज्ञान प्रकाश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बलरामपुर में एक साथ बुझ गए पाँच घरों के चिराग



कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर में 18 नवंबर की रात हुए सड़क हादसे ने पांच परिवारों की खुशियां छीन लीं। उतरौला थाना क्षेत्र के ग्राम अक्सीबड़हरा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घने कोहरे के बीच रात करीब 11 बजे टीवीएस स्पोर्ट और टीवीएस राइडर बाइक टकरा गई थीं। हादसे के बाद किसी घर का इकलौता बेटा नहीं लौटा तो किसी परिवार का कमाने वाला सहारा हमेशा के लिए छिन गया। अब इन घरों में अपनों के लौटने का इंतजार नहीं, बल्कि उनकी यादें और सिसकियां रह गई हैं।

पांच बहनों का इकलौता भाई था सलीम

बड़हरा खुर्द गांव निवासी सलीम (21) पांच बहनों में सबसे छोटा और परिवार का लाडला था। बहनों के बीच वह इकलौता भाई था। रोजी-रोटी की तलाश में मुंबई में रहकर पत्थर का काम करता था। बहन आफरीन के मुताबिक, हादसे वाली रात सलीम धान ढोकर घर लाया था। खाना खाने के बाद कुछ देर आराम करने लगा। इसके बाद वह कब घर से बाहर निकल गया, किसी को पता नहीं चला।

आधी रात को हादसे की खबर मिली तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भाई की मौत से बदहवास आफरीन बार-बार यही कह रही थी, 'पता नहीं मां यह सदमा कैसे बर्दाश्त कर पाएगी।' जिस भाई को पांच बहनों ने लाड़-प्यार से बड़ा किया, उसकी अचानक मौत ने पूरे परिवार को तोड़ दिया है।

चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था फारुख, मजदूरी कर बंटाता था हाथ

इसी गांव के फारुख (20) की मौत ने भी परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। वह चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। गांव में रहकर मजदूरी करता था और परिवार की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाता था। कम उम्र में ही परिवार का साथ छूट जाने से परिजन बदहवास हैं। घर में अपनों की चीख-पुकार के बीच हर कोई यही सोच रहा है कि अब परिवार की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने वाला फारुख कभी लौटकर नहीं आएगा।

गुफरान चलाता था ऑटो, परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी

बरदही गांव निवासी गुफरान उतरौला में ऑटो-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। चार भाई-बहनों में वह सबसे बड़ा था। रोज ऑटो चलाकर परिवार की जरूरतें पूरी करने वाला गुफरान अब कभी घर नहीं लौटेगा। उसकी मौत से परिवार का सहारा छिन गया है। परिजनों के लिए यह यकीन करना मुश्किल है कि जो युवक रोजी-रोटी के लिए घर से निकलता था, वह अब कभी वापस नहीं आएगा।

रिश्ते में जीजा था रहमत, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

चंद्रापुर चिताई निवासी रहमत की मौत ने पतने शबीना बानो और दो मासूम बच्चों की दुनिया उजाड़ दी। रिश्ते में वह गुफरान और तौफीक का जीजा लगता था। रहमत सूरत में रहकर पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) का काम करता था। परिवार में पतने के अलावा नौ साल की बेटी और सात साल का बेटा हसनैन है। पिता की मौत के बाद दोनों बच्चों के सिर से हमेशा के लिए पिता का साया उठ गया। जिस पिता के सहारे उनका बचपन पल रहा था, अब उसकी यादें ही उनके पास रह गई हैं।

तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था तौफीक

छपरतलवा गांव निवासी तौफीक रिश्ते में गुफरान का भाई था। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा तौफीक फिलहाल कोई काम नहीं करता था। उसकी मौत की खबर से परिवार और रिश्तेदार गम में डूब गए।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पाक्सो एक्ट के मुकदमे में अभियुक्त को 20 वर्ष के कारावास

मुक़दमे मे 1,30,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्त को सजा दिलवायी जा रही है। जिसके क्रम में थाना को0 पडरौना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-244/2025 धारा 137(2), 61(2), 65(1), 87 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा प्रभावी पैरवी व सार्थक कार्यवाही की गई, जिसके फलस्वरुप मा0 विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट द्वारा आज दिनांक 19.11.2026 को अभियुक्त प्रदीप पुत्र छोटे लाल साकिन सनेरा मल्ल छपरा थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष के कारावास व कुल 1,30,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलायी गयी।अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक उ0नि0 सनी कुमार, एसपीपी श्री सुनील मिश्रा, आशीष धर दूबे, संजय तिवारी (न्यायालय- मा0 विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कुशीनगर, पडरौना), थाना प्रभारी को0 पडरौना ओमप्रकाश तिवारी, पैरोकार का0 राजकिशोर वर्मा का सराहनीय योगदान रहा है।

नवागत बीडीओ मार्कण्डेय पांडेय ने संभाला बढ़नी का कार्यभार, प्रधानों व कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। विकास खंड बढ़नी के नवागत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मार्कण्डेय पांडेय के विधिवत कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत ब्लॉक सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और ब्लॉक कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।कार्यभार ग्रहण करने के बाद आयोजित परिचयात्मक बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने नवागत अधिकारी को शुभकामनाएं दीं तथा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।समारोह को संबोधित करते हुए नवागत बीडीओ मार्कण्डेय पांडेय ने सभी के प्रति



आभार जताया। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में पारदर्शी तरीके से विकास कार्यों को गति देना और जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे, इसके लिए सभी को टीम भावना के साथ मिलकर कार्य करना होगा।इस स्वागत कार्यक्रम में ग्राम प्रधान किस्मत अली, प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम शर्मा, बबलू चौबे, दिनेश यादव, अजय यादव, एपीओ शाहिद सिराज, पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, दिलीप यादव, सैदुल्लाह, मो. नियाज, अवधेश यादव, भानू प्रताप सिंह, उषा सिंह सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

किसान दिवस पर डीएम ने सुनीं अन्नदाताओं की समस्याएं, शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण के दिए कड़े निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। अम्बेडकर सभागार में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार ने पिछली बैठक की कार्यवृत्त प्रस्तुत की और अवगत कराया कि पूर्व में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। इसके पश्चात डीएम ने किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली बिल, खाद-बीज, कीटनाशक दवाओं तथा सिंचाई



से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने किसानों से अपनी शिकायतें लिखित रूप में देने की अपील की, ताकि उनका प्रभावी समाधान कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसान दिवस में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी स्वयं अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर उनका शत-प्रतिशत निस्तारण कराया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचना चाहिए।अनन्दाताओं से संवाद करते हुए डीएम ने कहा कि जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के बाद किसानों के साथ यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन और किसानों के आपसी समन्वय व सहयोग से जिले में कृषि विकास को नई गति मिलेगी। अंत में जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों, किसान नेताओं व कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

बैठक में सहायक निदेशक मत्स्य नन्द किशोर, एआर कोआपरेटिव प्रकाश बहादुर गौतम, किसान यूनियन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कृषक व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

धीमी कार्यप्रगति पर डीएम ने जताई कड़ी नाराजगी

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर कार्यों की प्रगति धीमी एवं असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक



शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यों की गुणवत्ता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कागजों में प्रदर्शित की जा रही प्रगति धरातल पर भी दिखाई देनी चाहिए। कार्यों की वास्तविक स्थिति एवं गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए किसी भी समय औचक स्थलीय निरीक्षण किया जा सकता है।उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिन ग्रामों में कार्य कराया जा रहा है, उनकी अद्यतन सूची संबंधित अवर अभियंता (जेई) एवं सहायक अभियंता (एई) के पास अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। साथ ही संबंधित ग्राम प्रधानों के संपर्क नंबर भी सुरक्षित रखे जाएं, ताकि कार्यों का समय-समय पर भौतिक सत्यापन कराया जा सके।बैठक में अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, सहायक अभियंता, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शोहरतगढ़ पुलिस को मिली सफलता, चार दिन से लापता युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए बीते चार दिनों से लापता चल रहे एक युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस टीम ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कस्बा क्षेत्र के नीबी दोहनी निवासी सुनील कुमार पुत्र शंकर गुप्ता की तलाश तेज की थी।उल्लेखनीय है कि सुनील कुमार बीते 15 नवंबर 2026 को घर पर बिना किसी को कुछ बताए कहीं चले गए थे, जिसके संबंध में परिजनों द्वारा थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। गुरुवार को पुलिस टीम ने सुरागरसी करते हुए लापता युवक को सकुशल ढूंढ निकाला और औपचारिकताएं पूरी कर परिवार को सौंप दिया।



चेक बाउंस के लंबित मामलों का समझौते से होगा निस्तारण, 21 को विशेष लोक अदालत



प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। चेक बाउंस के मामलों में मुकदमेबाजी का सामना कर रहे लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 21 नवंबर 2026 को जनपद न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) से संबंधित लंबित मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य एनआई एक्ट के लंबित वादों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सुलभ निस्तारण कराना है। इसके माध्यम से वादकारियों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया और अनावश्यक खर्च से बचने का अवसर मिलेगा। साथ ही दोनों पक्ष आपसी बातचीत एवं सहमति के आधार पर अपने विवादों का समाधान कर सकेंगे।उन्होंने जनपद के ऐसे सभी वादकारियों से अपील की है, जिनके एनआई एक्ट से संबंधित मुकदमे न्यायालय में लंबित हैं, वे 21 नवंबर को आयोजित विशेष लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने का लाभ उठाएं।सचिव भुवन ने यह भी बताया कि आगामी 28 नवंबर 2026 को एम0वी0 एक्ट (मोटर वाहन अधिनियम) से संबंधित वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित वादकारियों से निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से अपने मामलों का निस्तारण कराने की अपील की है।

लंबित वादों के त्वरित निस्तारण को लगेंगी दो विशेष लोक अदालतें, 21 व 28 नवंबर को होगा आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में जनपद के वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 21 नवंबर को एनआई एक्ट और 28 नवंबर को मोटर वाहन चालान से जुड़े मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 नवंबर 2026 को परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा-138 से संबंधित लंबित वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात इसी क्रम में 28 नवंबर 2026 को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत लंबित वाहन चालानों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

सचिव ने संबंधित वादकारियों और आमजन से अपील की है कि वे इन विशेष लोक अदालतों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर अपने लंबित मुकदमों एवं वाहन चालानों का त्वरित निस्तारण कराएं।

सीडीओ ने बैठक में जनगणना व विधानसभा चुनाव को लेकर दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में भारत की जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना हेतु स्व-गणना के संबंध में तथा आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का डेटाबेस तैयार कराए जाने एवं प्रपत्र-1 की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जनगणना के द्वितीय चरण की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते है। इसके उपरांत एक दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रगणक प्रत्येक घर में पहुंचकर परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी दर्ज करेंगे। एक घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इसमें केवल रक्त संबंध वाले सदस्य ही नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति भी शामिल होंगे जो परिवार के साथ एक ही रसोई साझा करते है। स्व-गणना करते समय परिवार के साथ रहने वाले सभी पात्र व्यक्तियों की सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का डेटाबेस तैयार कराए जाने एवं प्रपत्र-1 की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निर्धारित प्रारूप में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला जनगणना प्रभारी सुश्री पुलकिता शर्मा, स्टेट मास्टर ट्रेनर श्री संतोष कुमार शर्मा, सहित भिन्न-विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पीजी क्विज प्रतियोगिता में डॉ. साक्षी सिंह ने हासिल किया दूसरा स्थान

एनेस्थीसियोलॉजी विषय में मजबूत पकड़ और उत्कृष्ट ज्ञान के दम पर झलावाड़ मेडिकल कॉलेज का नाम किया रोशन

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा- चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा डॉ. साक्षी सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स (आईएसए) की ओर से अहमदाबाद में आयोजित नेशनल पीजी क्विज प्रतियोगिता में उन्होंने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज और राजस्थान के साथ साथ इटावा का भी गौरव बढ़ाया है।प्रतियोगिता में देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों एवं प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के सनतकोत्तर विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। एनेस्थीसियोलॉजी जैसे विशेषज्ञता वाले चिकित्सा विषय में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल करना डॉ. साक्षी की निरंतर मेहनत, लगन और विषय पर मजबूत पकड़ को दर्शाता है। वर्ष 2023 बैच की पीजी रेजिडेंट डॉ. साक्षी सिंह ने अपनी शैक्षणिक क्षमता और उत्कृष्ट ज्ञान के दम पर यह सफलता अर्जित की है।

बता दे कि इटावा के शास्त्री चौराह स्थित न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में चीफ मैनेजर के पद पर कार्यरत विजय नगर निवासी मान सिंह चक ,चक्रवर्ती ,की पुत्री है डॉ साक्षी सिंह ।चीफ मैनेजर मान सिंह व उनकी पतने श्रीमती नीलम सिंह बेटी की इस सफलता पर बेहद प्रफुल्लित हैं उनके घर बधाइन्या देने बालों का तांता लगा हुआ है हर कोई बेटी के आने की प्रतीक्षा कर रहे है।

न्यायालय की एस पी सिटी बबीता सिंह ने सुरक्षा परखी, 30 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का लिया जायजा

एसपी सिटी ने किया न्यायालय परिसर का निरीक्षण, पुलिसकमिर्यों को सतर्कता और मुस्तैदी से ड्यूटी करने के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। जनपद न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमिर्यों की सतर्कता और मुस्तैदी परखी तथा सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में हुए निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी बबीता सिंह ने न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों की निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने पुलिसकमिर्यों को पूरी जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ ड्यूटी करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इसके बाद उन्होंने न्यायालय परिसर स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहां संचालित सभी 30 सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था को बारीकी से परखा। उन्होंने कैमरों के माध्यम से न्यायालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर लगातार नजर बनाए रखने और सुरक्षा संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। एसपी सिटी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इटावा पुलिस द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है।

बिजली चोरी के मामले में अभियुक्ता को अदालत ने किया आरोपमुक्त

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बिजली चोरी के मामले में चल रहे मुकदमे में रेनू शुक्ला को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम), एफटीसी प्रथम की अदालत ने 2 नवंबर 2026 को अभियुक्ता की उन्मोचन प्रार्थना-पत्र स्वीकार कर उन्हें आरोपमुक्त कर दिया।विशेष वाद संख्या 69/2020 में अभियुक्ता पर 26 दिसंबर 2017 को एलटी लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में विद्युत विभाग की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता नितेश चतुर्वेदी ने अदालत में तर्क दिया कि अभियुक्ता के नाम पहले से ही वैध विद्युत कनेक्शन था। इसके समर्थन में कनेक्शन संख्या 8616149334 की भुगतान रसीद और विभागीय अभिलेख प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया। अदालत ने पाया कि चेकिंग से पहले ही विद्युत कनेक्शन स्वीकृत था। ऐसे में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत आरोप तय करने का पर्याप्त आधार नहीं बनता। इसके बाद अदालत ने रेनू शुक्ला की उन्मोचन अर्जी स्वीकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त करने तथा बंधपत्र निरस्त करने का आदेश दिया। फैसला विशेष न्यायाधीश राजीव कुमार वत्स की अदालत में सुनाया गया।

एटीएम से नहीं निकला कैश, खाते से कटे रुपये

बैंक में शिकायत के बाद भी नहीं मिली धनराशि, उपभोक्ता परेशान

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल क्षेत्र के एसबीआई एटीएम से पैसा निकालने गए एक खाताधारक के खाते से 10 हजार रुपये कट जाने का मामला सामने आया है, जबकि खाताधारक का एटीएम मशीन से कैश ही निकला ही नहीं। पीड़ित ने एक्सिस बैंक कस्टमर केयर पर ऑनलाइन शिकायत की, लेकिन शिकायत निरस्त कर दी गई। अभी तक धनराशि वापस न मिलने से उपभोक्ता परेशान है। क्षेत्र के ग्राम चांदपुर निवासी रामप्रकाश का खाता इटावा स्थित एक्सिस बैंक में है। पीड़ित ने बताया कि नौ नवंबर की शाम उसने बाबरपुर कस्बा स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन से एटीएम कार्ड के माध्यम से 10 हजार रुपये निकालने का प्रयास किया। मशीन से कैश नहीं निकला, लेकिन खाते से रुपये कटने का मैसेज आ गया। पीड़ित ने बताया कि इस पर उसने कस्टमर केयर सहित एसबीआई बैंक शाखा में शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई है।

श्री मद्भागवत कथा में प्रहलाद-अजामिल प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। नगर पंचायत अटसू के वार्ड लोहिया नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के तीसरे दिन कथावाचक वृंदावन निवासी गौरव कृष्णाजी महाराज ने अजामिल और भक्त प्रहलाद की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करने पर कठिन से कठिन दौर में भी ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। अजामिल प्रसंग में बताया गया कि प्रारंभ में धर्मपरायण ब्राह्मण अजामिल कुसंगति में पड़कर धर्म मार्ग से भटक गया, लेकिन अंतिम समय में पुत्र नारायण का नाम पुकारने से उसे मोक्ष का मार्ग मिला। वहीं भक्त प्रहलाद ने तमाम यातनाओं के बाद भी भक्ति नहीं छोड़ी, तब भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप में प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का वध किया और भक्त की रक्षा की। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और जयकारों से पंडाल गूंज उठा। आयोजक गंगाराम तिवारी अपने पूर्वजों की याद में निज निवास पर सात दिवसीय कथा का आयोजन करा रहे हैं।



होटल हैवेन फायरिंग कांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पिस्टल, कारतूस और स्विफ्ट डिजायर बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। थाना सिविल लाइन क्षेत्र स्थित होटल हैवेन में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य अभियुक्त अंकित यादव उर्फ एलएल की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को पुलिस कस्टडी रिमांड (पीसीआर) पर लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर एक .32 बोर की पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, होटल हैवेन में हुई फायरिंग की घटना के संबंध में थाना सिविल लाइन में मुकदमा अपराध संख्या 186/2026 दर्ज किया गया था। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1), 191(2), 191(3), 190, 333, 352, 351(3), 324(4) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/25/27 के तहत अभियोग पंजीकृत है।

इसी मामले में पुलिस ने मुख्य अभियुक्त अंकित यादव उर्फ एलएल को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए कार्रवाई की। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर फायरिंग में प्रयुक्त बताई जा रही .32 बोर की पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। 19 नवंबर 2026 को की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बताए जा रहे हथियार और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। बरामदगी को होटल हैवेन फायरिंग कांड की विवेचना में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

घर के अंदर टीनशेड में फांसी के फंदे पर लटका मिला वृद्ध का शव

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के हविलिया गांव में घर के आंगन में रखी टीनशेड में एक वृद्ध का शव रस्सी के फंदे पर लटका मिला। शव देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार,हविलिया निवासी श्रीकर त्रिपाठी (60) पुत्र श्रीमुकुंद त्रिपाठी घर में अकेले रहते थे। बुधवार को उनका शव घर के आंगन में टीनशेड के नीचे फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार,श्रीकर के माता-पिता और पतने की पहले ही मौत हो चुकी थी। उनकी एक बेटी है, जिसकी शादी हो चुकी है। बताया गया कि वृद्ध नशे का आदी था त

प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया था। परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया,जिसके बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है।

बहन के घर आये युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला शव,आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के हीरापुरवा गांव में बहन के घर गए 18 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे कुंडे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के चकसत्तापुर निवासी लवलेश राजपूत (18) पुत्र हुब्ब लाल दो-तीन दिन पहले अपनी बहन प्रियंका पतने जयप्रकाश के घर हीरापुरवा गया था। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों ने जाकर देखा तो उसका शव साड़ी के फंदे से कुंडे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने आनन-फानन में उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

परिजनों के अनुसार,लवलेश मानेसर जाने की बात कह रहा था। वह गांव में ट्रैक्टर चलाकर परिवार का सहयोग करता था। उसके दो भाइयों और तीन बहनें है। युवक की असमय मौत से परिवार में मातम छा गया। चैकी इंचार्ज आनंद शर्मा ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

सीओ आयुषी सिंह ने छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई के साहस और आत्मविश्वास से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

प्रातः काल एक्सप्रेस



जसवंतनगर/इटावा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जसवंतनगर इकाई द्वारा रानी लक्ष्मीबाई जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन नारी शक्ति, साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत है। छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। जरूरत है तो केवल अपनी प्रतिभा पहचानने और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की। उन्होंने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच पुलिस और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रज्ञा ने की। मुख्य वक्ता जिला संयोजक संस्कार गुप्ता, नगर अध्यक्ष अजेंद्र गौर, कार्यक्रम संयोजक नगर मंत्री विजय नंदवंशी, रोहित गुप्ता, कुणाल दुबे, कृष्ण शर्मा, राघव, पार्थ एवं एडवोकेट जामिन खान सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डंपर खराब होने से हाईवे पर लगा रहा दो घण्टे भीषण जाम

इटावा। बढ़पुरा क्षेत्र में उदी चौराहे से चंबल पुल तक नेशनल हाईवे-719 पर उदी चौराहे के पास गिट्टी से लदा एक डंपर खराब होने से सुबह करीब दो घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। जाम के चलते हाईवे पर वाहनों का आवागमन प्रभावित हो गया। धीरे-धीरे मध्य प्रदेश से इटावा आने और उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हाईवे पर वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण जाम बढ़ता चला गया। उदी चौराहे से चंबल पुल तक वाहन रेंगते नजर आए। छोटे वाहनों के साथ बसें और अन्य बड़े वाहन भी जाम में फंस गए। उदी चौराहा के पास एक गिट्टी लदा डंफर बीच रास्ते में खराब हो गया जिसके चलते इतना भीषण जाम लग गया। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही। उसे निकलने का रास्ता नहीं मिल सका। इससे मरीज को ले जाने में परेशानी हुई। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि जाम करीब पांच किलोमीटर तक लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन हाईवे पर वाहनों की अधिक संख्या होने के कारण यातायात सामान्य करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

30 मुकदमों का शातिर बदमाश सलमान घायल, बकेवर पुलिस ने गिरफ्तार किया



प्रातः काल एक्सप्रेस

बकेवर/इटावा। थाना बकेवर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद छिनैती और लूट की वारदातों में शामिल एक शातिर अपराधी को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी फायरिंग में बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए सीएचसी महेवा भेजा गया है। बकेवर पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कुल 30 मुकदमे दर्ज है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशों के क्रम में 18 नवंबर 2026 को थाना बकेवर पुलिस महेवा-अछल्दा मार्ग पर निवाड़ी कला पेट्रोल पंप के आगे संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान निवाड़ी कला की तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया। आरोप है कि बाइक सवार ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की और चिमकुनी बॉर्डर की ओर भाग निकला। बकेवर पुलिस ने तत्काल चिमकुनी बॉर्डर पर चेकिंग कर रही दूसरी पुलिस टीम को सूचना दी और बदमाश का पीछा किया। महेवा-अछल्दा मार्ग पर कुरियानी बंबा के पास दोनों टीमों ने घेराबंदी की। खुद को घिरा देख बदमाश ग्राम कुरियानी की ओर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन तेज गति के कारण बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद उसने बकेवर पुलिस पर फिर फायरिंग की। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी और वह मौके पर ही दबोच लिया गया। आरोपी की पहचान सलमान पुत्र अजीज अली, निवासी मानिकपुर मोड़ (थाना इकदिल), हाल निवासी आसरा आवास कॉलोनी (थाना सिविल लाइन), जनपद इटावा के रूप में हुई। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा (.315 बोर), दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस (.315 बोर) और वारदात में इस्तेमाल हौंडा साइन मोटरसाइकिल बरामद हुए है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी बकेवर विपिन कुमार मलिक और उपनिरीक्षक अमरकान्त त्यागी समेत पुलिस टीम ने एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन, एसएसपी इटावा के पर्यवेक्षण, एएसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र के मार्गदर्शन और सीओ भरथना रामदवन मौर्य के नेतृत्व में की।

समाजवादी छात्र सभा ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में अनुरुद्ध नायक के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने वीरांगना के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। समाजवादी छात्र सभा द्वारा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी परिसर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वीरांगना के शौर्य, साहस और बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष अनुरुद्ध नायक रहे। उन्होंने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने अपने अदम्य साहस और वीरता से झांसी का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों, साहस और संघर्ष से प्रेरणा लेकर समाज एवं देश के विकास में अपना योगदान दें।इस अवसर पर नीतेश त्रिपाठी, आशीष पटेल, नितेश यादव, हिमांशु, मनु पटेल, आनंद चौधरी, वीरेंद्र एडवोकेट, श्यामसुंदर राजपूत, रविंद्र जाटव, आशीष प्रजापति एवं शिवम कुशवाहा सहित अन्य छात्र नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब की सराहनीय पहल, बच्चों को बांटी स्टेशनरी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब ने सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए सिद्धेश्वर रोड स्थित आदर्श पब्लिक इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों को उपहार स्वरूप स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने महारानी के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को नमन करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि झाँसी की पहचान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से है। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में उनका योगदान भारतीय इतिहास में सदैव स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका जीवन आज भी नारी शक्ति, आत्मसम्मान, साहस और देशभक्ति की प्रेरणा देता है।



कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रंगोली के माध्यम से बनाई गई महारानी लक्ष्मीबाई की मनमोहक प्रतिमा रही, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद बच्चों को स्टेशनरी सामग्री के साथ-साथ खानपान की सामग्री का भी वितरण किया गया और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, प्रेसिडेंट मोनिका कोचर, वाइस प्रेसिडेंट तमन्ना राय, ट्रेजरर संयुक्ता शर्मा, सेक्रेटरी प्रेरणा हजेला, पास्ट प्रेसिडेंट ओमनी राय एवं नेहा तिवारी सहित अंजलि अग्रवाल, श्रुति बंसल और ज्योत्सना उपस्थित रहीं।

उल्लेखनीय है कि मणिकर्णिका वूमेन्स क्लब महिलाओं के उत्थान, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में लगातार धरातल पर कार्य कर रहा है। क्लब की सदस्याएं केवल आयोजनों तक सीमित न रहकर समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा, सहयोग और जागरूकता के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।

क्लब की यह पहल दर्शाती है कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और समाज के समग्र उत्थान में सक्रिय भागीदारी का भी नाम है। ऐसे प्रयास निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं।

रानी लक्ष्मीबाई के नाम से पहचान, लेकिन सरकारी दफ्तरों में उनकी तस्वीर तक नहीं :- पूजा शर्मा

सरकारी कार्यालयों में वीरांगना लक्ष्मीबाई की तस्वीर न होना शर्मनाक

आसरा सोसाइटी ने प्रशासन की कार्यशैली पर उठाए सवाल

वर्षों से आवाज उठा रहा संगठन, अब सरकार और प्रशासन से जवाब की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। जिस ऐतिहासिक नगरी की पहचान वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान से होती है, उसी झांसी के सरकारी कार्यालयों में यदि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर तक नजर नहीं आती, तो यह निश्चित रूप से गंभीर सवाल खड़े करने वाला विषय है। आखिर जिस वीरांगना के नाम पर झांसी की पहचान देश-विदेश में है, उनके सम्मान और स्मृति को सरकारी कार्यालयों में स्थान देने के मामले में इतनी उदासीनता क्यों दिखाई जा रही है? क्या झांसी के गौरवशाली इतिहास को याद रखना सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है?

इस मुद्दे को लेकर आसरा सोसाइटी एनजीओ ने एक बार फिर आवाज बुलंद करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार और झांसी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। संगठन का कहना है कि झांसी में संचालित अनेक सरकारी विभागों और अधिकारियों के कार्यालयों में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर दिखाई नहीं देती। यह स्थिति उस शहर के लिए चिंताजनक है, जिसकी ऐतिहासिक पहचान ही महारानी लक्ष्मीबाई के संघर्ष और बलिदान से जुड़ी हुई है।

आसरा सोसाइटी एनजीओ का कहना है कि संगठन पिछले कई वर्षों से इस विषय को लगातार उठाता आ रहा है, लेकिन अभी तक इस दिशा में अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं दी है। सवाल यह है कि जब सरकारी कार्यक्रमों, भाषणों और आयोजनों में वीरांगना लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान का गुणगान किया जाता है, तो फिर सरकारी कार्यालयों की दीवारों पर उनकी तस्वीर लगाने की पहल क्यों नहीं की जाती? क्या वीरांगना का सम्मान केवल जयंती, पुण्यतिथि और औपचारिक आयोजनों तक ही सीमित रह गया है?

संगठन ने इस स्थिति को झांसी की ऐतिहासिक विरासत और स्थानीय गौरव के प्रति उदासीनता का प्रतीक बताते हुए कहा कि सरकारी कार्यालय केवल प्रशासनिक कामकाज के केंद्र नहीं होते, बल्कि वे समाज को प्रेरणा देने वाले सार्वजनिक संस्थान भी है। ऐसे में झांसी के सरकारी कार्यालयों में महारानी लक्ष्मीबाई का चित्र होना नई पीढ़ी को उनके त्याग, साहस, स्वाभिमान और देशभक्ति से परिचित कराने का एक सार्थक माध्यम बन सकता है।

आसरा सोसाइटी की अध्यक्ष पूजा शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारियों से मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की तस्वीर लगाए जाने के संबंध में ठोस पहल की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस ऐतिहासिक सम्मान की अनदेखी न हो।

संगठन ने स्पष्ट किया कि यह मांग किसी राजनीतिक विवाद या व्यक्तिगत विरोध से जुड़ी नहीं है, बल्कि झांसी की ऐतिहासिक पहचान, सांस्कृतिक गौरव और वीरांगना के सम्मान से संबंधित है। जिस झांसी का नाम लेते ही रानी लक्ष्मीबाई का स्मरण होता है, वहां उनके सम्मान को लेकर सवाल उठना अपने आप में व्यवस्था के लिए आत्ममंथन का विषय है।

अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश सरकार और झांसी प्रशासन इस आवाज को कितनी गंभीरता से लेते हैं। क्या सरकारी कार्यालयों में वीरांगना की तस्वीर लगाने की पहल होगी या फिर यह मांग भी वर्षों तक फाइलों और आश्वासनों के बीच उलझकर रह जाएगी?

अक्षय जन सेवा समिति ने मनाई वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झाँसी। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर अक्षय जन सेवा समिति के कार्यालय पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सविता पचौरी ने कहा कि वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जीवन साहस, शौर्य, स्वाभिमान और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के सामने कभी घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी देश की बेटियों और युवाओं को अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि झाँसी की पहचान महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान से है। हम सभी का दायित्व है कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज में देशभक्ति, नारी सम्मान एवं सेवा की भावना को मजबूत करें।कार्यक्रम में समिति के राजेश तिवारी, संजीव शर्मा,हेमंत कुशवाहा,अनिल विश्कर्मा , विवेक गोस्वामी, रितिका गोस्वामी, सुरेंद्र बसेडिया, सिया कुशवाहा , मोहिनी पाल, नेन्शी कुशवाहा, प्रथम कुशवाहा, रक्षा कुशवाहा, सोनू राजपूत, सोनम अग्रवाल, गुनगुन कश्यप, पूजा रायकवार आदि लोग उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच मनाया गया उत्कर्ष-2026 समारोह,

मेधावी छात्र एवं छात्राओं का हुआ सम्मान समारोह

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी । राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त शिक्षण संस्थान, चिरगांव में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उत्कर्ष-2026 समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। वहीं शैक्षणिक गतिविधियों, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा झांसी महानगर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल एवं वरिष्ठ समाजसेवी डीके तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं साहित्य शिरोमणि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंधक डॉ. वैभव गुप्त ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि उत्कर्ष वार्षिक उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने का अवसर है। संस्थान की उपाध्यक्ष वर्णिका गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आगामी सत्र में संस्थान का लक्ष्य परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करना, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रमों का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण बुंदेलखंड में संस्थान को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए सभी संकल्पित हैं।वहीं विशिष्ट अतिथि डीके जैन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतिभा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

झांसी के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखने वाली पहल है विधायक रवि शर्मा का प्रयास : दिलीप पाण्डेय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। झांसी सदर विधायक रवि शर्मा द्वारा की गई ऐतिहासिक पहल को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी एवं विधायक सेवार्थ रथ के संचालक दिलीप पाण्डेय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल झांसी के इतिहास में एक ऐसा यादगार अध्याय जोड़ने वाली है, जिसे आने वाली पीढ़ियां भी लंबे समय तक याद रखेंगी।दिलीप पाण्डेय ने कहा कि झांसी महानगर में इस तरह का ऐतिहासिक आयोजन और पहल इससे पहले कभी देखने को नहीं मिली। यह केवल एक कार्यक्रम या आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि झांसी की ऐतिहासिक पहचान, गौरव और जनभावनाओं से जुड़ा ऐसा प्रयास है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होती रहेगी। उन्होंने कहा कि सदर विधायक रवि शर्मा ने इस पहल के माध्यम से झांसी के इतिहास और गौरव को एक नई पहचान देने का प्रयास किया है।उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि की पहचान केवल उसके पद से नहीं, बल्कि उसके द्वारा किए गए ऐसे कार्यों से होती है, जो समाज और शहर की स्मृतियों में स्थायी स्थान बना लें। विधायक रवि शर्मा की यह पहल भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। झांसी की जनता इस ऐतिहासिक प्रयास के लिए सदैव उनकी आभारी रहेगी।दिलीप पाण्डेय ने कहा कि झांसी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की धरती है और यहां के इतिहास, संस्कृति तथा गौरव को आगे बढ़ाने वाले प्रयासों का हमेशा स्वागत होना चाहिए। उन्होंने इस पहल से जुड़े सभी लोगों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महानगर की पहचान को और अधिक समृद्ध करते हैं।

रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर बुंदेलखंड राज्य की मांग, ऐतिहासिक तलवार झांसी वापस लाने के लिए सौंपा ज्ञापन

बुंदेलखंड क्रांति दल ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन, राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में उठाई क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झाँसी । वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर बुंदेलखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी झाँसी के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से बुंदेलखंड क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्रीय अस्मिता को ध्यान में रखते हुए पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग उठाई गई।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वीरता की गौरवशाली परंपराओं के लिए देशभर में पहचान रखता है। क्षेत्र के समुचित विकास, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पृथक बुंदेलखंड राज्य का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस दिशा में ठोस पहल करने की मांग की।

उन्होंने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के ऐतिहासिक स्वाभिमान से जुड़े मुद्दे को उठाते हुए कहा कि महारानी की ऐतिहासिक तलवार एवं अन्य युद्ध सामग्री, जो ग्वालियर में हैं, उन्हें सम्मानपूर्वक झाँसी वापस लाया जाना चाहिए। झाँसी महारानी लक्ष्मीबाई की वीरता, संघर्ष और बलिदान की ऐतिहासिक कर्मभूमि रही है। ऐसे में उनकी ऐतिहासिक धरोहरों को झाँसी में स्थापित करने की पहल होनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके शौर्य और पराक्रम से प्रेरणा ले सकें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शीलेन्द्र वर्मा, मो. नईम मंसूरी, शरद प्रताप सिंह एडवोकेट, राज सिंह शेखावत, शेख अरशद, अनवार अहमद मंसूरी, शमशुद्दीन राइन, भरत राजा, ताहिर खान, हाजी जाकिर खान, जामिन हुसैन, दुर्गाप्रसाद रायकवार, जगदीश विश्वकर्मा, गुलाब सिंह चौहान, राजू वंशकार, लक्ष्मीनारायण श्रीवास, अनिल सिंह शेखावत, रमेश पाल (पूर्व प्रधानाचार्य), मुबारक राइन, बाबूलाल, दामोदर प्रसाद एवं अजय कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जावेद हबीब सैलून का हुआ भव्य शुभारंभ, खुद जावेद हबीब ने काटा फीता

सदर बाजार में शुरू हुआ अत्याधुनिक सैलून, अभिषेक सिंह एवं रोहित दुबे ने संभाली संचालन की जिम्मेदारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। शहर के सदर बाजार स्थित सेंट्रल बैंक के ऊपर जावेद हबीब सैलून का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश के मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब स्वयं झांसी पहुंचे और फीता काटकर सैलून का विधिवत शुभारंभ किया। उनके आगमन से समारोह में खासा उत्साह देखने को मिला।सैलून का संचालन अभिषेक सिंह एवं रोहित दुबे द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में जावेद हबीब की मौजूदगी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इस दौरान उन्होंने सैलून की शुरुआत पर संचालकों को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में लक्ष्य कोचिंग के पीयूष दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पटवारी, रवि मौर्य, दीपक शिवहरे, नितेश लिखधारी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, शुभचिंतक एवं परिवारजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर सैलून संचालक अभिषेक सिंह एवं रोहित दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सदर बाजार में शुरू हुआ यह सैलून शहरवासियों को जावेद हबीब ब्रांड के अंतर्गत हेयर स्टाइलिंग एवं ग्रूमिंग की सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

मतदाता जोड़ो अभियान को लेकर भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल बोले- मेरा बूथ सबसे मजबूत होना चाहिए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

गुरसरांय। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित मतदाता जोड़ो अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के उद्देश्य से गुरसराय स्थित विराज पैलेस में भाजपा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मतदाता जोड़ो अभियान की तैयारियों, बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती तथा नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अभियान की जिम्मेदारियां सौंपते हुए घर-घर संपर्क करने का आह्वान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक बूथ मजबूत बने और हर बूथ पर संगठन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत होना चाहिए, इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करना होगा।उन्होंने कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान केवल एक संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिक से अधिक पात्र नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर ऐसे युवाओं और नागरिकों से संपर्क करना है, जिनकी आयु मतदाता बनने के लिए निर्धारित पात्रता पूरी करती है, लेकिन अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक एवं सहयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है।जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और सामूहिक प्रयासों से ही संगठन के कार्यक्रम धरातल पर सफल होते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर अभियान को गति देने तथा प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय टोली के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने और मतदाता सूची में नाम, पता सहित अन्य आवश्यक जानकारियों की जांच करने पर जोर दिया।

बैठक में अभियान को लेकर कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर संपर्क अभियान चलाने, पात्र नए मतदाताओं की पहचान करने तथा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया में सहयोग करने की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे अभियान के दौरान पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे।इस अवसर पर अनुपमा लोधी, बद्री त्रिपाठी, टीकाराम पटेल, चन्द्रभान अहिरवार, जयपाल सिंह, रामजी परिहार, कृष्णचंद्र तिवारी, अमित चौरसिया, केशव सिंह, राजा केशवेन्द्र, निहिल सिंघई, जशोदा कुशवाहा, आशीष खरे, गुड्डू पाठक, पुष्पेंद्र दुबे, वीरप्रताप चौहान, राजबहादुर एवं गरौठा विधानसभा विस्तारक प्रियम मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद धर्मेंद्र यादव के हाथों शम्स तबरेज़ को मिला शिब्ली एवार्ड

सामाजिक कार्य एवं उर्दू फ़रोग़ के लिए किया गया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखनऊ। महान शिक्षाविद्, विचारक एवं साहित्यकार अल्लामा शिब्ली नोमानी की पुण्यतिथि के अवसर पर 18 नवंबर 2026 को ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी एकेडमी, निशातगंज, लखनऊ में पूर्वांचल फ्यूचर फ़ोरम की ओर से शिब्ली डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतापगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता शम्स तबरेज़ को सामाजिक कार्य एवं उर्दू फ़रोग़ के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'शिब्ली एवार्ड' से सम्मानित किया गया।



आज़मगढ़ के लोकप्रिय सांसद धर्मेंद्र यादव के हाथों शम्स तबरेज़ को सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर उन्होंने आयोजकों और उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाह आलम गुड्डू जमाली एमएलसी, लखनऊ विश्विद्यालय के प्रोफ़ेसर अयाज़ अहमद इस्लाही, नदवा कॉलेज अरबी विभाग के विभागाध्यक्ष मौलाना अलाउद्दीन नदवी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती विश्विद्यालय के प्रोफ़ेसर मसूद आलम, दारुल मुसन्निफीन शिब्ली एकेडमी आज़मगढ़ के अध्यक्ष डॉक्टर इलियास आज़मी,शीराज़ आलम आज़मी, वरिष्ठ पत्रकार ज़ैद अहमद फ़ारूक़ी, मशहूर शायर सैफ़ बाबर, समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव, वरिष्ठ सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में अल्लामा शिब्ली नोमानी के शैक्षिक, साहित्यिक एवं वैचारिक योगदान को याद किया गया और उनके विचारों एवं विरासत को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

शम्स तबरेज़ ने इस सम्मान के लिए पूर्वांचल फ्यूचर फ़ोरम के कन्वीनर आफ़ाक़ अहमद आज़मी का दिल की गहराइयों से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए हौसला बढ़ाने वाला है और सामाजिक कार्यों तथा उर्दू भाषा के फ़रोग़ के लिए आगे भी पूरी लगन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

शिब्ली डे का यह आयोजन अल्लामा शिब्ली नोमानी की इल्मी, अदबी और सामाजिक विरासत को याद करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले लोगों की हौसला-अफ़ज़ाई का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

जिलाधिकारी ने ऑनलाइन स्वगणना कर जनगणना-2027 में की सहभागिता

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने जनगणना-2027 के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से स्वगणना कर सहभागिता की। उन्होंने जनपदवासियों से 16 से 30 नवंबर, 2026 के मध्य स्वगणना में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे अपने माता-पिता, बुजुर्गों एवं पड़ोसियों की ऑनलाइन स्वगणना में सहयोग करें। स्वगणना के बाद प्राप्त ए ंछ- को सुरक्षित रखें, ताकि घर-घर जनगणना के दौरान कमिर्यों को दिखाया जा सके। स्वगणना कैसे करें - फ्लः//ा.महेले.ुदन.ग्ह पोर्टल पर जाएं, उत्तर प्रदेश चुनें, मोबाइल नंबर व ध्ऊइ से सत्यापन करें, परिवार के मुखिया व सदस्यों का विवरण भरें, फॉर्म जांचकर सबमिट करें और ए ंछ- सुरक्षित रखें।हेल्पलाइन - 1855, जिला स्तरीय हेल्पलाइन - 05921-297112 स्वगणना के बाद भी 01 दिसंबर, 2026 से 04 जनवरी, 2027 तक कर्मी घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या 20को सदर तहसील सभागार में करेंगी जनसुनवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडि.त महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 20 नवंबर 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सदर तहसील सभागार में आयोग की सदस्या सपना कश्यप द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिनन्-विभागों से सम्बन्धित शिकायतें जो महिलाओं द्वारा की जाती है, जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का होना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग द्वारा महिलाओं हेतु संचालित योजनाओं की सूचनाओं के साथ समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

मण्डी पुलिस ने शांति भंग की आशंका में 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग एवं गस्त की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक मण्डी वीरेन्द्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व गस्त के दौरान पुराना चिलकाना अड्डा पहुँचे तो कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग होने की आशंका के दृष्टिगत अभियुक्त मुकुल पुत्र सतीश कुमार निवासी माधव नगर चौक गढी मलूक गली नं0 2 थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को चिलकाना अड्डे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध धारा 126/135/170 बीएनएसएस के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

थाना कोतवाली बेहट पुलिस ने चेकिंग व दबिश 1 वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बेहट इन्द्रेश चौहान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 01 वारंटी अभियुक्त अकरम पुत्र महमूद निवासी ग्राम पठानपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर को सम्बन्धित वाद सं0 8037/22 व मु0अ0सं0 33/15 धारा 406/323/504/506 भादवि चालानी थाना बेहट को ग्राम पठानपुरा से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने 1 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 1 अवैध चाकू बरामद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारान सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना रामपुर मनिहारान पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर अभियुक्त विजय उर्फ रॉकी पुत्र जयपाल नि0 मौ0 काजियान कस्बा व थाना रामपुर मनि0 स0पुर को रेलवे फाटक से आगे दिल्ली सहारनपुर अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया । कब्जे से एक अदद चाकू बरामद । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना रामपुर मनिहारान पर मु0अ0सं0 365/26 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट मे पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

डायट पटनी में सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी में उप शिक्षा निदेशक राजेश सिंह के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और विद्यालयों में भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम की नोडल प्रवक्ता श्रीमती पूजा सैनी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रशिक्षण में बाल अधिकार, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार, भावनात्मक संवेदनशीलता, साइबर सुरक्षा तथा विद्यालय स्तर की व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण के आयोजन में डायट प्रवक्ताओं, कर्मचारियों, प्रतिभागियों एवं डीएलएड प्रशिक्षुओं का सहयोग रहा।

नवनियुक्त बीडीओ अकसीर खान ने संभाला मुजफ्फराबाद ब्लॉक का कार्यभार

बोले- अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



छुटमलपुर (सहारनपुर)। विकासखंड मुजफ्फराबाद में नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अकसीर खान ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने ब्लॉक कार्यालय में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया और विकासखंड में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त बीडीओ अकसीर खान ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके लिए पद से अधिक महत्वपूर्ण जनता की सेवा करना है। शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी तालमेल और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। साथ ही कहा कि ब्लॉक स्तर पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका नियमानुसार समाधान कराया जाएगा, ताकि आम जनता को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। विकास कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

गौरतलब है कि इससे पूर्व मुजफ्फराबाद ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात योगेंद्र चौधरी का स्थानांतरण जनपद बिजनौर हो गया है। उनके स्थान पर अकसीर खान को मुजफ्फराबाद ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर एडीओ ग्राम्य विकास संदीप कुमार, एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार, एडीओ कॉपरेटिव ओमवीर सिंह, एडीओ एग्रीकल्चर अश्वनी त्यागी के अलावा प्रवीण शर्मा, अभिषेक डोभाल, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी संजय सैनी एवं राजकुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मिशन साहसी में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के तरीके

बाल कल्याण मजिस्ट्रेट अपर्णा पांडे ने बताए कानूनी अधिकार, शिवा राजे बुंदेला ने दिए सुरक्षा के व्यावहारिक टिप्स

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में गुरुवार को छात्राओं को आत्मनिर्भर और निडर बनाने के उद्देश्य से मिशन साहसी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा के तरीकों के साथ उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण मजिस्ट्रेट अपर्णा पांडे ने छात्राओं को बताया कि किसी भी परेशानी या विषम परिस्थिति में उन्हें डरने के बजाय अपनी बात बाल कल्याण समिति के सामने रखनी चाहिए। उन्होंने शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और प्रशासन की ओर से उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। मिशन साहसी की प्रांत संयोजक शिवा राजे बुंदेला ने छात्राओं को आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा करने के व्यावहारिक तरीके बताए। जिला संयोजक वेदांशी सिंह ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य स्टेनली एंथोनी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थिचयों को सतर्क और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आखिरी गेंद पर छक्के से जीती चिलकाना सुपर-9

चिलकाना। सुल्तानपुर में आयोजित युवा क्रिकेट टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को चिलकाना सुपर-9 और सुल्तानपुर पैंथर के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें चिलकाना सुपर-9 ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर चार विकेट से जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सुल्तानपुर पैंथर ने निर्धारित आठ ओवर में तीन विकेट खोकर 87 रन बनाए। टीम की ओर से रवि ने पांच छक्कों की मदद से 31 गेंदों पर 58 रन बनाए, जबकि रविंद्र ने 13 रन का योगदान दिया। चिलकाना की ओर से अहकाम ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिलकाना सुपर-9 की शुरुआत खराब रही और दोनों सलामी बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। इसके बाद सोहराब कुरैशी ने 25 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 62 रन की शानदार पारी खेली। आखिरी गेंद पर टीम को जीत के लिए तीन रन चाहिए थे। सोहराब ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में झरौली ने माजरी को तीन विकेट से हराया।



ऑपरेशन सवेरा – नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस ने नशा तस्करी पर करारा प्रहार करते हुए महिला तस्कर सहित कुल 04 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 655 ग्राम अवैध स्मैक व 04 मोबाइल फोन बरामद हुए है, जिनकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 01 करोड़ 31 लाख रुपये है। पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी रोकथाम के लिए परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में 'ऑपरेशन सवेरा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विकास चारण के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस टीम ने कार्यवाही की।



गिरफ्तार अभियुक्तगण -

- 1. नानू उर्फ शकील पुत्र जमील निवासी ग्राम हरपाल थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर (60 ग्राम)- 2. सय्यद शेखावत पुत्र शफाक निवासी ग्राम कुम्हारहेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर (260 ग्राम)- 3.मोनू उर्फ फरमान पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर (270 ग्राम)- 4. शबनम उर्फ शगुफ्ता पतने मोनू उर्फ फरमान निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर (65 ग्राम) सभी को रुहाडा पुलिया कस्बा नानौता से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना नानौता पर मु0अ0सं0-288/26 धारा- 8/21/22/29 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मोदनसेन महाराज की जयंती पर गंगा तट पर गूंजे जयकारे, भव्य आरती कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

प्रातः काल एक्सप्रेस



देवीगंज कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम के कालेश्वर गंगा घाट पर बुधवार देर शाम मोदनवाल समाज के आराध्य भगवान श्री मोदनसेन महाराज की जयंती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समाज और परिवार की सुख-समृद्धि एवं उनन्ति की कामना की।

गंगा तट के पुरोहित पंडित राकेश पांडेय के निर्देशन में मोदनवाल समाज के लोगों ने सर्वप्रथम भगवान मोदनसेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद उन्हें फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया तथा विधिवत आरती उतारी गई।श्रद्धालुओं ने मोदनसेन भगवान से समाज के कल्याण और सभी के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। इसके बाद मां गंगा की भव्य आरती और पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माँ गंगा के पावन जल में दूध, फल और प्रसाद पुष्प अर्पित कर परिवार एवं बच्चों की उनन्ति की कामना की। कार्यक्रम में अजुहा निवासी रामबाबू मोदनवाल की पुत्री आयुषी मोदनवाल का कनिष्ठ सहायक पद पर चयन होने पर समाज ने खुशी जताई। लोगों ने रामबाबू मोदनवाल को माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने समाज के लोगों से बेटा-बेटी में भेदभाव किए बिना सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की। कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, आईपीएस और आईएएस बनकर समाज और देश का नाम रोशन कर सकते है। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत दारानगर-कड़ाधाम की अध्यक्ष रागिनी अरुण केसरवानी को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। उन्होंने भगवान मदनसेन महाराज की पूजा कर आशीर्वाद लिया और समाज को जयंती की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा गंगा घाट पर अतिरिक्त लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। पूजा एवं आरती का आयोजन अजय मोदनवाल और रामशंकर मोदनवाल की अगुवाई में हुआ एवं बच्चा मोदनवाल का विशेष श्रमदान रहा । इस मौके पर शिवप्रसाद मोदनवाल, नेमचंद मोदनवाल, जय नारायण मोदनवाल, जयचंद मोदनवाल, सुरेश मोदनवाल, लालजी मोदनवाल कड़ा , चेतन पंडा, पोल्लू पंडा, मोनू मोदनवाल, संजीत मोदनवाल, संदीप मोदनवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, महिला उत्पीड़न से बचाव तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक किया गया।महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिनन् हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

- 1090 - वूमेन पावर लाइन- 1930 -साइबर अपराध हेल्पलाइन
-112 - पुलिस आपातकालीन सेवा- 108 - एंबुलेंस सेवा
1098 -चाइल्ड हेल्पलाइन- 1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
101 - अगिन्शमन सेवासहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देने तथा पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।

पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिनन् क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने एक-एक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर पीडि.तों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच करते समय दोनों पक्षों की बात सुनी जाए और तथ्यों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। पुलिस कार्यालय में हुई जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने अपनी विभिनन् समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।